दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गरुवार 26 दिसंबर-2024 | ● वर्ष : 10 अंक : 6 पेज-09 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

संभल में बावड़ी का सर्वे: 5वें दिन सामने आया एक फ्लोर

संभल। शादाब रिजवी, संभलः उत्तर प्रदेश की संभल जिले में खुदाई के दौरान मिली प्राचीन बावड़ी का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (अरक) ने पांचवें दिन बुधवार को भी 4 घंटे सर्वे किया। टीम ने बावड़ी और सुरंग की कार्बन डेटिंग की। इस दौरान फोटो लिए और वीडियो बनाए। 5वें दिन की बावड़ी की खुदाई में पहला प्लोर सामने आ गया है। बावड़ी को नुकसान न हो इसलिए अब जेसीबी की डगदह मजदूर खुदाई का काम करेंगे।

अरककी टीम बुधवार को दस बजे संभल जिले के चंदौसी के लक्ष्मणगंज पहुंची थी। दोपहर में एक तक बावड़ी का सर्वे किया और टीम लौट गई। टीम ने करीब 4 घंटे तक बावड़ी के अंदर काफी बारीकी से सर्वे किया। अभी तक की खुदाई में बावड़ी के अंदर एक फ्लोर सामने आ गया है। एएसआई की सर्वे टीम के जाने के बाद मजदूरों ने फिर से खुदाई शुरू की। दरअसल अभी तक जेसीबी से खुदाई की जा रही थी लेकिन अब बावड़ी को कोई नुकासन न हो इसलिए मजदूरों को लगाया गया है।

इससे पहले अरकटीम ने 18 दिसंबर को संभल के प्राचीन कूप और तीर्थों का सर्वे किया था। 20 दिसंबर को कल्कि मंदिर का सर्वे किया था। इन सभी स्थानों की कार्बन डेटिंग भी की है, ताकि पता चल सके कि प्राचीन पुस्तकों में जिन 68 तीर्थ और 19 कूपों का जिक्र है, वो वास्तव में कितने पुराने हैं। 21 दिसंबर को संपूर्ण समाधान दिवस पर बावड़ी पर अतिक्रमण की शिकायत की गई थी। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने नगर पालिका परिषद चंदौसी को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

खुदाई के दौरान बावड़ी और सुरंग मिली। इस बीच पूर्व महारानी स्व. सुरेन्द्र बाला की पोती शिप्रा रानी ने बावड़ी पर दावा किया और कहा कि मैं महारानी सुरेन्द्र बाला की सबसे छोटी पोती हूं।

मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह आज गाजियाबाद में

राजनगर स्थित आवास पर करेंगे लोगों से मुलाकात

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद के दो बार सांसद रहे और पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह अब मिजोरम के महामहिम है। उन्हें मिजोरम राज्य का राज्यपाल बनाया गया है। राज्यपाल बनाए जाने के बाद जनरल वीके सिंह गुरुवार को गाजियाबाद आ रहे हैं। वो आज अपने राजनगर स्थित आवास पर दोपरह बारह बजे सभी लोगों से मुलाकात करेंगे। आज जनरल वीके सिंह का स्वागत उनके समर्थक करेंगे। मिजोरम का राज्यपाल बनाए जाने के बाद से उनके समर्थकों में खुशी का माहौल व्याप्त है।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा- सरकार को है जनरल वीके सिंह पर भरोसा

मिजोरम के राज्यपाल बनकर सुलझाएंगे वहां की चुनौतियां

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह को मिजोरम का राज्यपाल बनाया गया है। उनके राज्यपाल बनाए जाने के बाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने अपनी प्रतिक्रया दी। उन्होंने कहा कि सरकार को और पार्टी को जनरल वीके सिंह की क्षमताओं पर भरोसा है। हमेशा से जनरल वीके सिंह को चुनौतीपूर्ण कार्य दिये गये हैं और उन्होंने इन कार्यों को सफलतापूर्वक किया भी है। जब विदेश में नागरिकों को सुरक्षित लाने की बात

थी तो जनरल वीके सिंह को यह कार्य सौंपा गया। यूक्रेन युद्ध में जब भारतीय छात्रों को सुरक्षित लाना था तो सरकार ने विशेष रूप से जनरल वीके सिंह को वहां भेजा और जनरल वीके सिंह ने सरकार द्वारा सौंपे गए मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। मिजोरम प्रदेश हमारे देश का बॉर्डर एरिया है और यहां भी कई मामलों में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां हैं। मुझे पूरी उम्मीद है और मैं ऐसी आशा करता हूं कि सरकार ने उनपर भरोसा जताते हुए उन्हें यहां भेजा है। जनरल वीके सिंह को मिजोरम का राज्यपाल बनाए जाना एक स्वागतयोग्य कदम है।

गाजियाबाद में दो दिन रहेगा एसपीजी का विशेष घेरा

28 को आएंगे पीएम नरेंद्र मोदी और करेंगे नमो भारत ट्रेन में सफर

साहिबाबाद से लेकर आनंद विहार तक नमो भारत की करेंगे यात्रा

गाजियाबाद, करंट क्राइम । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 दिसंबर को गाजियाबाद में नमो भारत ट्रेन को आनंद विहार तक संचालित करने के प्रोजेक्ट को हरी झंडी दिखाएंगे। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साहिबाबाद स्टेशन से नमो भारत ट्रेन में सवार होकर दिल्ली के आनंद विहार तक जाएंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर गाजियाबाद में दो दिनों तक एसपीजी का विशेष घेरा रहेगा। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल और सुरक्षाकर्मियों की तैनाती दी जाएगी। बता दें कि लगभग एक साल पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वसुंधरा से नमो भारत आरआरटीएस रेल का उद्घाटन किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते एक साल के दौरान गाजियाबाद में कई कार्यक्रमों में भाग ले चुके हैं। बीते दिनों जहां वह चंडीगढ़ जाने के लिए गाजियाबाद पहुंचे थे ,तो वहीं उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान भी गाजियाबाद में रोड शो किया। इसके साथ ही वह पहले भी गाजियाबाद आ चुके हैं।

सड़क से लेकर मेट्रो और नमो भारत स्टेशनों पर तैनात किए जाएंगे कमांडो

करंट क्राइम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 28 दिसंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए बड़ी संख्या में एनएसजी के कमांडो गाजियाबाद में मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री को सुरक्षा का घेरा प्रदान करने के लिए मेट्रो स्टेशन ,नमो भारत स्टेशन और साहिबाबाद स्टेशन के आसपास प्रमुख बिल्डिंगों पर कमांडो की तैनाती दी जाएगी। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल और खुफिया तंत्र के अधिकारियों को गाजियाबाद के इनपुट पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

गाजियाबाद में उतरेगा प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर अभी से आलाधिकारियों ने अपनी प्लानिंग और दिल्ली पुलिस से लेकर स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप के अधिकारियों से वातार्लाप शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हेलीकॉप्टर गाजियाबाद में ही उतरेगा और फिर वह साहिबाबाद आरटीएस स्टेशन पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर तीन संभावित स्थानों पर उतर सकता है। जिसमें हिंडन एयर फोर्स स्टेशन, सीआईएसएफ का मैदान और पपीएसी 41वीं वाहिनी हो सकता है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम को लेकर सड़क से लेकर आसपास के मार्गों पर सुधार कार्य शुरू कर दिया गया है।

सांसद से लेकर मंत्रियों की फिर होगी पीएम से मुलाकात

करंट क्राइम : गाजियाबाद के सांसद, विधायक, यूपी सरकार के मंत्री और राज्यसभा के पूर्व सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया था। तो बताया जा रहा है कि 28 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम में भी भारतीय जनता पार्टी के सांसद, विधायक, मंत्री और संगठन के कुछ चेहरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम आगमन पर स्वागत करेंगे। देखना होगा किसको मौका मिलेगा और सीएम से लेकर राज्यपाल तक कौन-कौन मौजूद रहेगा।

ट्रैफिक से लेकर इंटेलीजेंस वाले संभालेंगे कमान

करंट क्राइम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 दिसंबर को गाजियाबाद आ सकते हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अभी से यातायात पुलिस से लेकर इंटेलीजेंस के अधिकारियों ने अपनी प्लानिंग शुरू कर दी है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के शीर्ष अधिकारी भी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पुख्ता तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम अभी कहां से कहां तक रहेगा, यह फाइनल नहीं हुआ है। साथ ही एसपीजी की टीम अभी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से पहले दौरा कर अपनी रिपोर्ट सौटेगी और फिर कार्यक्रम को हरी झंडी मिलेगी।

यूथ आइकॉन नीरज सिंह का लगातार हैल्थ को लेकर अलग ही है एक विजन

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नीरज सिंह भाजपा की राजनीति के यूथ आइकॉन हैं। वो एक ऐसे नेता हैं जिनके पास सौम्यता, संकल्प और विजन एक साथ है। हमेशा से जनहित के लिये समर्पित रहते हैं। राष्ट्रसेवा उनके लिए सर्वोपरि है और वो हर मौके पर ये संदेश देना जानते हैं कि समाज की सबसे अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को हम किस तरह से मदद कर सकते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर लखनऊ में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अटल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर यह दो दिवसीय से मेला आयोजित हुआ। 24 और 25 दिसंबर को आयोजित इस अटल स्वास्थ्य मेले में जहां कई मरीजों का उपचार किया गया, उन्हें निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। वहीं वरिष्ठ चिकित्सकों तथा स्वाथ्यकर्मियों का सम्मान भी किया गया। इस हैल्थ मेले में जहां मुख्य संयोजक नीरज सिंह स्वयं मौजूद थे। वहीं इस हैल्थ मेले में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम कैशव प्रसाद मौर्य और भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल भी मौजूद थे। इस हैल्थ मेले में जहां दिव्यागों को व्हीलचेयर, बैसाखी तथा अन्य उपकरण दिये गये। वहीं हैल्थ मेले में अल्ट्रासउंड तथा ईसीजी जैसी सुविधाएं मौजूद थीं। यहां

रक्तदान शिविर आयोजित किया गया और आयुष्मान कार्ड भी वितरित किये गये। मेले में कई लोगों को स्वाथ्य लाभ की सुविधा दी गई और रिकॉर्ड पंजीकरण हुए।

दोनों दिन हुए रिकॉर्ड पंजीकरण और लोगों को मिली सुविधाएं

यूथ आइकॉन नीरज सिंह के विजन का लाभ उन लोगों को मिला जो हैल्थ संबंधी समस्याओं से परेशान थे। अटल स्वास्थ्य मेले के माध्यम से हजारों लोगो की जांच की गई। 24 दिसंबर को 8775 वहीं 25 दिसंबर को 14100 का पंजीकरण किया गया। वहीं 24 दिसंबर को 113 लोगों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा दी गई और 25 दिसंबर को 150 लोगों ने इसका लाभ उठाया। 24 दिसंबर को 361 लोगों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए गए और 25 दिसंबर को 387 लोगों को आयुष्मान कार्ड प्रधान किये गये। 24 दिसंबर को 128 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग वितरित किये गए और 25 दिसंबर को 109 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग वितरित किये गये। 165 लोगों ने ईसीजी सुविधा का लाभ उठाया और दोनों दिन 22 लोगों ने रक्तदान भी किया। मेले की निरंतरता और आम जनता को इससे एक बड़ा लाभ मिला। अटल स्वास्थ्य मेले से नीरज सिंह एक बड़ा संदेश देने में सफल रहे हैं।

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने बना लिया है नए साल का सुरक्षा प्लान

हर चेकिंग पॉइंट पर कम-से-कम 10 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

- 31 दिसंबर और एक जनवरी की रात को पुलिस लगाएगी सभी पीसीआर

- पहली बार जिले में अकेली महिलाओं को घर तक छोड़ेगी यूपी-112

गाजियाबाद, करंट क्राइम : क्रिसमय बीत गया है, तो अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा नए वर्ष और नए वर्ष की पूर्व रात के इंतजाम में जुट गई है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 26 दिसंबर सुबह 10 बजे से लेकर 2 जनवरी शाम तक गाजियाबाद के 26 स्थान पर 24 घंटे चेकिंग अभियान का प्लान बनाया है। तो इसके साथ ही प्रत्येक वाहन चेकिंग स्थान पर मोबाइल बेरिकेडिंग, टॉर्च, ब्रीथ एनेलाइजर और पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही वाहन चेकिंग पॉइंट पर कम से कम 10 पुलिसकर्मी एक साथ होंगे। जिसमें न्यूनतम 5 उपनिरीक्षक भी शामिल रहेंगे। इसके साथ ही थाना प्रभारी और सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा 24 घंटे में दो बार वाहन चेकिंग पॉइंट पर औचक निरीक्षण किया जाएगा और वह खुद भी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 31 की रात हुड़दंग मचाने वालों और शांति व्यवस्था भंग करने वालों से निपटने की तैयारी कर ली गई है। कई जगह अतिरिक्त कैमरे लगाने के साथ ही पुलिस बल को भी तैनात किया जाएगा।

31 को नशे में चलाई गाड़ी तो होगी कड़ी कार्रवाई

करंट क्राइम : एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह ने बताया है कि पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है कि 31 को ऐसे सार्वजनिक स्थानों, रेस्टोरेंट, होटल, बार जहां नववर्ष के कार्यक्रम आयोजित होंगे वहां विकास द्वारों पर पुलिस ब्रीथ एनेलाइजर के साथ मौजूद रहेंगे। जो नशे की हालत में वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करेंगे। इसके साथ ही नशे की हालात में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध एमबी एक्ट में 10 हजार रुपये के जुर्माने और 6 महीने का कारावास का भी प्रावधान है।

सोसायटी, क्लब और खुले में करना है आयोजन, तो 48 घंटे पहले लेनी होगी परमिशन

करंट क्राइम : डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल व डीसीपी सिटी जोन राकेश कुमार ने कहा है कि नए वर्ष के स्वागत के लिए सोसायटियों में जश्न होता है। तो वही सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम होते हैं। इसकी प्रत्येक थानाक्षेत्र में एसीपी स्तर के अधिकारियों से अनुमति लेनी होगी। साथ ही कार्यक्रम वाले समय से 48 घंटे पहले परमिशन लेनी होगी ,अन्यथा परमिशन प्रदान नहीं की जाएगी। पुलिस के अधिकारियों का साफ कहना है कि अगर कहीं पर भी डीजे या कोई पार्टी ऑर्गेनाइज की जाएगी, तो उसके लिए परमिशन लेनी होगी अन्यथा बिना परमिशन के ऐसा आयोजन किया गया, तो वहां पुलिस की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस देगी युवतियों-महिलाओं को स्पेशल पिक एंड ड्रॉप सुविधा

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में न्यू ईयर के अवसर पर अकेली महिलाएं, युवतियों जिसमें वह अपने कार्यस्थल व कार्यस्थल से घर जाना चाहती हैं वह आपात स्थिति में पीआरवी की मदद ले सकती हैं। यूपी112 के पुलिसकर्मी उनको घर तक एस्कॉर्ट करेंगे और सुरक्षा प्रदान करेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक थानाक्षेत्र में एक एंबुलेंस भी रिजर्व में रखी जाएगी जो किसी भी आपात स्थिति में मदद पहुंचाने का काम करेगी।

हर चेकिंग पॉइंट पर मौजूद रहेंगे कम से कम पांच टू-स्टार

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि प्रत्येक वाहन चेकिंग स्थान पर मोबाइल बेरीकेटिंग, टॉर्च, ब्रेथ एनेलाइजर और पर्याप्त पुलिसकर्मी रहेंगे। खास बात यह है कि जहां पर भी वाहन चेकिंग बिंदु बनाया जाएगा, वहां कम से कम पांच उपनिरीक्षक हर वक्त मौजूद रहेंगे ताकि किसी भी व्यवस्था को वह संभाल सकें।

शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों और रील बनाने वालों पर होगी कार्रवाई

करंट क्राइम : नए साल के जश्न के दौरान हुड़दंग ना हो और हंगामा न बरपे इसके साथ ही रील के चक्कर में लोग नियम, कायदे कानून न तोड़े उसको भी रोकने का पुलिस प्रबंध करेगी। सार्वजनिक स्थान और भीड़भाड़ वाले स्थानों, मॉल, मल्टीप्लेक्स, होटल के आसपास पार्किंग व्यवस्था बनाई जाएगी। साथ ही यातायात पुलिस का भी अतिरिक्त बल लगाया जाएगा।

कानून की अनदेखी पड़ेगी भारी : डीसीपी

करंट क्राइम : डीसीपी सिटी से लेकर डीसीपी ट्रांस हिंडन और देहात ने अपने समस्त एसीपी और थाना प्रभारी को निर्देशित किया है कि कहीं पर भी कानून व्यवस्था की स्थिति नहीं बिगड़नी चाहिए। इसके साथ ही जिन भी थानाक्षेत्र का इलाका बॉर्डर से सटा हुआ है, वहां विशेष बेरिकेडिंग और जांच की जाए। कोई भी व्यक्ति अगर कानून व्यवस्था की स्थिति भंग करता है या कानून अपने हाथ में लेता है ,तो ऐसे लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

साल के पहले दिन धार्मिक स्थलों पर रहेगी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी

करंट क्राइम : साल के पहले दिन लोग अपने ईष्ट देव के पूजा स्थल पहुंचते हैं। ऐसे में धर्मस्थलों पर भीड़ हो जाती है। साल का पहला दिन किसी प्रकार की अवस्था ना हो, इसीलिए सभी धार्मिक स्थलों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रहेगी। वहीं पुलिस का कहना है कि मंदिरों और अन्य स्थानों पर दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ जाती है। इससे यातायात व्यवस्था और अन्य व्यवस्था ध्वस्त होती है, इसके लिए यह पूर्व में प्लानिंग कर ली गई है कि जाम का झाम नहीं होने पाए।

सुशासन सप्ताह के अवसर पर विकास भवन में कार्यक्रम आयोजित

मुख्य अतिथि नरेन्द्र कश्यप व संजीव शर्मा ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के मद्देनजर पूरे देश में सुशासन सप्ताह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उसी क्रम में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम चला रहा है। बुधवार को सुशासन सप्ताह के अंतिम दिवस पर दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप व गाजियाबाद सदर विधायक संजीव शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सहित अन्य गणमान्यों के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सभी गणमान्यों द्वारा भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प चढ़ाते हुए उन्हें नमन किया गया। तदोपरांत लोक भवन लखनऊ में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया, जो कि यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित रहे।

हमें अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए : नरेन्द्र कश्यप

कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने उपस्थित गणमान्य को सम्बोधित करते हुए कहा श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी दूरगामी सोच रखने वाले महापुरूष थे। वे भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्होने यूनाइटेड स्टेट में आयोजित कार्यक्रम में हिन्दी में भाषण दिया और हिन्दी भाषा का मान बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होने भारत में परमाणु परीक्षण करायें, कारगिल के युद्ध के दौरान भी वे प्रधानमंत्री रहे, जिनके निर्देशन के चलते हमारे जवानों ने युद्ध भी जीता। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके व्यक्तित्व को आत्मसात करना चाहिए, जिससे हम एक दिन उनके जैसे बन पाएंगे और एक दिन भारत का नेतृत्व करेंगे। अटल जी ने संसद में कहा था कि पार्टी आयेंगी-जायेंगी, लोग आयेंगे जायेंगे लेकिन अपने राष्ट्र को अजर-अमर बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, हम सभी इसके लिए संकल्पबद्ध होना चाहिए। इस मौके पर उन्होने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले एवं विजेता प्रतियोगियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप, विधायक संजीव शर्मा, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, सीडीओ अभिनव गोपाल द्वारा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देते हुए सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला सूचना अधिकारी सहित कई विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्राचार्य/अध्यापक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा अटल जी का जीवन परिचय व उनकी कविताएं सुनाई गयीं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.पूनम शर्मा ने किया।

हमें अपने अधिकारों और दायित्वों के प्रति जागरूक व जिम्मेदार होना चाहिए: जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

करंट क्राइम। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर 19 से 25 तक सुशासन सप्ताह चलाया गया जिसका आज अंतिम दिवस है। सुशासन सप्ताह के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम कराये गये। इसका मुख्य उद्देश्य यह था कि हम पार्थियों, लाभार्थियों और शिकायतकर्ताओं तक पहुंचे और उनकी समस्या का निराकरण करायें। इसके लिए प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के मद्देनजर अपर सचिव भारत सरकार द्वारा गांवों का भ्रमण व पार्थियों, लाभार्थियों और शिकायतकर्ताओं से वार्ता भी की गई और मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया गया। इसके साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित कराए गये। कहा कि सुशासन सप्ताह सिर्फ सुशासन सप्ताह तक ही सीमित ना रहे इसके लिए हमें अपने आप में बदलाव करना चाहिए और अपने समय में कुछ समय निकालकर हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना चाहिए। अपने स्तर पर किसी भी कार्य को लम्बित नहीं रखना चाहिए और मेज के इस पार और उस पार की भावना को समाप्त करना चाहिए। कहा कि अपने अधिकारों के प्रति तो जागरूक होना चाहिए अपितु हमें अपने दायित्वों के प्रति भी जागरूक रहते हुए उनका पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन भी करना चाहिए। जब हम अपने दायित्वों का पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे और जागरूक होकर अपने अधिकार प्राप्त करेंगे, तो उस दिन से हर दिवस सुशासन दिवस होगा।

बधाई

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्णबीर चौधरी ने मिजोरम के राज्यपाल बनाये जाने पर जनरल वी के सिंह को उनके निवास पर जाकर बधाई दी।

वसुंधरा मंडल में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई

साहिबाबाद, करंट क्राइम। वसुंधरा अटल चौक पर भाजपाइयों ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाते हुए उन्हें याद किया और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, पार्षद प्रतिभा शर्मा, पार्षद नरेश भाटी, पार्षद नीलम भारद्वाज, संजीव झा, प्रमोद चौधरी, पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी उपस्थित रहे।

मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री, अटलजी ने विचारधारा के प्रति समर्पण और मूल्य-आधारित राजनीति से देश में विकास और सुशासन के नए युग की शुरुआत की। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को कार्य संस्कृति बनाने वाले अटल बिहारी वाजपेई ने देश की सुरक्षा और जनकल्याण को सदैव सर्वोपरि रखा। राजनीतिक जीवन में शुचिता और आत्मसंयम से उन्होंने भाजपा को जनप्रिय बनाया। इस अवसर पर राजीव शर्मा, कांति त्यागी, धर्मेंद्र ठाकुर, अभिषेक पंडित, अनुराग मिश्रा, हरमेल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रताप विहार में कथा पंडाल से चोरी की घटना के बाद नागरिक परेशान

गाजियाबाद, करंट क्राइम। प्रताप विहार में एक सप्ताह तक होने वाली श्रीमद्भागवत कथा के पंडाल से संपूर्ण होने से पहले ही श्रीमद्भागवत चोरी हो गई। चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना के बाद से कथा वाले स्थान के आसपास जो भी लोग घूमते पाए गए पुलिस ने अधिकतर लोगों को थाने बुलाकर पूछताछ की। लोगों का यह कहना है कि पुलिस ने पूछताछ के तौर पर प्रताड़ित किया। बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न लोग सीमा यादव पार्षद के कार्यालय पहुंचे और उन्होंने अपनी आपबीती उन्हें बताई। कई वर्षों से प्रताप विहार में होने वाली श्रीरामचरितमानस रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राहुल यादव ने बताया कि लोगों को पुलिस शक के बिना पर पूछताछ के लिए थाने बुलाकर घण्टों बैठा रही है।

राहुल ने बताया कि जिन लोगों को पुलिस परेशान कर रही है व लोग धार्मिक कार्यक्रम करते रहते हैं। पुलिस ने आयोजनकर्ता को परमिशन देने पर सुरक्षा के मद्देनजर पंडाल में सीसीटीवी और रात्रि के समय सेवादार पंडाल में क्यों नहीं रखे। क्षेत्र में रहने वाली महिला कावेरी ने बोला यदि पुलिस हम लोगों को बेवजह परेशान करेगी तो हम सभी थाने का घेराव करेंगे।

न्यूज डायरी

छेड़छाड़, मारपीट और विरोध करने के मामले ने पकड़ा तूल

लोनी, करंट क्राइम। लोनी के गुलाब वाटिका क्षेत्र में भाजपा जिला महामंत्री के साथ हुई छेड़छाड़ और विरोध करने पर मुस्लिम पक्ष द्वारा मारपीट एवं पथराव मामलें में बुधवार को पीड़ित महिलाओं ने विधायक नंदकिशोर गुर्जर के कार्यालय का सैकड़ों लोगों के साथ घेराव किया और पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर और एसीपी द्वारा जारी वीडियो को झूठा बताया है। इस दौरान पीड़ित भाजपा जिला महामंत्री ने प्रेस बुलाकर विधायक के साथ प्रेसवार्ता में रोते हुए कहा कि हमारे साथ छेड़छाड़ हुई, मेरे पति का सर फोड़ा गया, पथराव हम पर किये गए, पुलिस ने हमारी बात नहीं सुनी उल्टा हमारी घटना को अन्य घटना से जोड़कर लीपापोती करने का कार्य किया जा रहा है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कार्यालय पर आई महिलाओं, पार्षदों, समाजिक संगठन के लोगों को शांत कराते हुए कहा कि मुझे पीड़ा है कि मेरे कहने के बाद भी इस मामले में न्याय नहीं किया गया।

चौ. चरण सिंह जयंती व महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस पर कुश्ती दंगल का हुआ आयोजन

मोदीनगर, करंट क्राइम। चौधरी चरण सिंह जयंती व महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर महाराजा सूरजमल अखाड़ा गांव रोरी में कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम चौधरी चरण सिंह व महाराजा सूरजमल के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दंगल मे मुख्य अतिथि कर्नल सुधीर चौधरी ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारंभ किया। कर्नल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के पहलवानों ने पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। डीएसपी जगराज सिंह सेवानिवृत्त ने कहा कि खेलों मे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अच्छी नौकरी मिलती है व समाज मे मान सम्मान मिलता है। जीतने वाले पहलवानों को प्रतीक चिन्ह व नगद राशि भेंटकर प्रोत्साहित किया गया। दंगल में रेफरी दीपक पहलवान अमराला रहे। दंगल को सफल बनाने मे पवन चौधरी बखरवा, सतेन्द्र तोमर, सुमन चौधरी, दादा राम नारायण, ताऊ राजेन्द्र, वेदपाल सिंह, निजाम खलिफा मेरठ, अभिषेक पहलवान खंजरपुर, नत्थू प्रधान फफराना, रोहित दरोगा, नरेन्द्र श्योराण, मनोज कुमार, विराट सांगवान, विपिन गुलिया व अमरजीत आदि का योगदान रहा।

केएन मोदी ग्लोबल स्कूल में तुलसी पूजन व क्रिसमस-डे धूमधाम से मना

मोदीनगर, करंट क्राइम। डॉ. केएन मोदी ग्लोबल स्कूल टेक्सटाइल शाखा में क्रिसमस दिवस का आयोजन किया गया। निशा शर्मा ने छात्रों को क्रिसमस आयोजन से जुड़ी अन्य कहानियों से अवगत कराया। इसके पश्चात सभी छात्रों ने आनंद के साथ नृत्य किया और खूब जमकर आनंद उठाया। इस अवसर पर विद्यालय की हेड मिस्ट्रेस सपना खुराना, कोऑर्डिनेटर प्रेरणा वर्मा अन्य शिक्षागण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय मे संस्थान के दीपांकर शर्मा, धर्मेंद्र चौधरी, मनीष त्यागी आदि सहयोग सराहनीय रहा।

वेद प्रकाश चौधरी सभासद संघर्ष समिति के निर्विरोध अध्यक्ष बने

मोदीनगर, करंट क्राइम। नगर पालिका परिषद में सभासद संघर्ष समिति के अध्यक्ष पद पर वेद प्रकाश चौधरी को निर्विरोध संघर्ष समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली व समस्त पालिका प्रशासनिक टीम व सभासद व पूर्व अध्यक्ष आदित्य चौधरी बॉबी, प्रदीप शर्मा, ललित मित्तल, अंकुर चौधरी, जितेन्द्र चौधरी, नरेन्द्र तोमर, रजनीश तोमर, रजनीश चौधरी, अलोक भारती, संदीप सांगवान, अर्जुन नेहरा, जायदा बेगम, रीता ढोड़ी, सारिका राणा, सुषमा, जूलीता नेहरा, सुशीला देवी, संदीप कुमार, गुलाब सिंह, पूजा चौधरी, सलमान, मनीता यादव, आदि सभासद उपस्थिति थे।

एल्विश पर पुलिस का कसेगा शिकंजा, नोएडा पुलिस ने फोन डेटा रिकवर के लिए लिखा लेटर

नोएडा (करंट क्राइम)। यूट्यूबर एल्विश यादव व उसके साथियों का मोबाइल डेटा रिकवर किया जाएगा। इसके लिए नोएडा पुलिस ने गाजियाबाद स्थित निवाड़ी लैब प्रबंधन को लेटर भेजा है। निवाड़ी लैबोरेटरी के संयुक्त निदेशक को भेजे गए पत्र में नोएडा पुलिस ने केस को हाई प्रोफाइल बताते हुए 7 दिन के भीतर मोबाइल की डाटा रिकवरी की रिपोर्ट मांगी है। पुलिस को आशंका है कि एल्विश और उसके साथियों के मोबाइल में सांपों की तस्करी और रेव पार्टी से संबंधित कई अहम डेटा है।

3 नवंबर को दर्ज हुआ था मुकदमा

3 नवंबर 2023 को पीपुल्स फॉर एनिमल संस्था के एक सदस्य ने राहुल, टीटू, जयकरण, नारायण, रविनाथ, एल्विश व अन्य के खिलाफ कोतवाली सेक्टर-49 में मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें आरोप था कि रेव पार्टी में सांपों के जहर का इस्तेमाल किया जाता है और एल्विश इसमें शामिल है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने सपेरों के पास से सांपों का जहर बरामद किया था। इसे विधि विज्ञान प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया था। जांच में सांपों के जहर की पुष्टि हुई थी। इसके बाद से नोएडा पुलिस ने एल्विश पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। केस दर्ज होने के करीब 135 दिन के बाद नोएडा पुलिस ने एल्विश यादव को गिरफ्तार कर लिया था। अन्य नामजद आरोपी पहले ही जेल जा चुके थे। एल्विश का नाम सांपों के जहर की सप्लाई में आने के बाद मामला हाई प्रोफाइल बन गया था और लंबे समय तक सुर्खियों में था। पुलिस ने नवंबर में उसे नोटिस भेजा था। इसके बाद आधी रात को एल्विश कोतवाली सेक्टर-20 पहुंच गया था। यहां उससे पुलिस ने पूछताछ की गई थी। फिर एल्विश से दोबारा पूछताछ नहीं हुई थी।

दोबारा पूछताछ करने के बाद किया था गिरफ्तार

दोबारा पूछताछ के लिए जब एल्विश नहीं आया तो नोएडा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसके दो अन्य साथी विनय यादव और ईश्वर यादव की गिरफ्तारी हुई थी। एल्विश के खिलाफ वन्य जीव अधिनियम के अलावा एनडीपीएस एक्ट की धाराएं लगाई गईं थीं। एल्विश मामले की जांच इस समय सेक्टर-20 थाने की पुलिस कर रही है।

सम्मान

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी पर महामंत्री गोपाल अग्रवाल का खोड़ा मंडल में स्वागत किया गया। इस अवसर पर खोडा मंडल के अध्यक्ष अवधेश यादव, देवेंद्र गिरी,मुकेश गिरी,रामवीर यादव स्कूल के प्रबंधक देवेंद्र यादव, तथा पार्षद मुख्य रूप से मौजूद रहे।

ट्यूशन से लौट रहे छात्र से बदमाशों ने मोबाइल लूटा

मोदीनगर, करंट क्राइम। ट्यूशन से लौट रहे छात्र से बाईक सवार बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया और फरार हो गये। छात्र के पिता की तहरीर पर पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज के जरिये आरोपियों की तलाश कर रही हैं। संतपुरा गली निवासी छात्र अक्षय जो कि कक्षा 11 वीं का छात्र है,जब वह बीती रात ट्यूशन पढकर घर लौट रहा था, लौटते समय जब वह दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गोविंदपुरी क्षेत्र में हरमुखपुरी कॉलोनी के सामने पहुंचा। तभी बाईक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने छात्र के हाथों से मोबाइल फोन लूट लिया। छात्र ने शोर मचाया, लेकिन आरोपी भाग निकले। छात्र के परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है, पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

आईएएस अफसर की 3 पत्नियां, सबके पास मैरिज सर्टिफिकेट, 50 करोड़ की प्रॉपर्टी ट्रांसफर रोकी

नोएडा(करंट क्राइम)। रिटायर्ड आईएएस अफसर हरी शंकर मिश्रा की मौत के बाद उनकी 50 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी पर तीन महिलाओं ने दावा कर दिया है। अफसर की 11 जुलाई, 2024 को मौत हो चुकी है। अब ये तीनों महिलाएं खुद को अफसर की पत्नी बता रहीं हैं।

नोएडा प्राधिकरण ने सबसे पहले सामने आने वाली 30 साल की महिला शीबा शिखा के दस्तावेज देखने के बाद नोएडा की एक 10 करोड़ की प्रॉपर्टी को उसके नाम ट्रांसफर भी कर दिया। 24 घंटे के अंदर दूसरी 45 साल की महिला प्राधिकरण पहुंच गई। फिर प्रॉपर्टी ट्रांसफर को निरस्त कर दिया गया। महिला ने शादी और अपने बच्चों के दस्तावेज डिपॉजिट किए हैं। ये मामला अभी चल ही रहा था कि एक और लड़की नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर पहुंची। उसने कहा- मैं हरी शंकर मिश्रा की बेटी हूं। उनकी असली पत्नी कुशीनगर में हैं। उसने भी अपने दस्तावेज जमा करके प्रॉपर्टी पर हक जताया है। अब इस मामले में तीनों महिलाओं की ओर से जमा किए गए दस्तावेजों की जांच की जा रही है। वंदना त्रिपाठी ने कहा- अब ब्लड रिलेशन में कोर्ट से उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र लाने के बाद ही प्रॉपर्टी ट्रांसफर होगी। यह नियम लागू किए गए हैं। ऐसे में तीनों महिलाओं के सामने आए दस्तावेज की जांच हो रही है।

अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा ने मनाई पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती

गाजियाबाद, करंट क्राइम। अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा नंदग्राम स्थित जेकेजी स्कूल में बुधवार को भारत रत्न महामना पं. मदन मोहन मालवीय की 164वीं जयती मनाई गई। संस्था के जिला व महानगर पदाधिकारियों व सदस्यों ने पं. मदन मोहन मालवीय को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि पडित मदन मोहन मालवीय भारत के महान शिक्षाविद्, वक्ता, पत्रकार, समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी थे। महामना की उपाधि उन्हें महात्मा गांधी ने दी थी। पंडित गोपाल दत्त शर्मा ने कहा कि पं. मदन मोहन मालवीय महान शिक्षाविद्, बेहतरीन वक्ता और प्रसिद्ध राष्ट्रीय नेता थे। विशिष्ट अतिथि पं. सतीश शर्मा ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय को एक उत्कृष्ट विद्वान और स्वतंत्रता सेनानी के रूप में सदैव याद किया जाएगा। समारोह के अध्यक्ष संस्था के प्रदेश अध्यक्ष पं. पीताम्बर शर्मा ने कहा कि भारत रत्न मदन मोहन मालवीय को आधुनिक भारत के निर्माता के रूप में मान्यता दी गई है। वास्तव में वे जीवन के सभी क्षेत्रों में भारत के प्रत्येक आम आदमी के लिए एक आदर्श है। संस्था के मुख्य संरक्षक पं. जे के गौड़ ने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय का व्यक्तित्व व कृतित्व ऐसा पारस है, जिसके सम्पर्क में जो भी आया वह सोना बन गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले पांच शिक्षाविद पं. महेश चन्द्र शर्मा, पं. नरेन्द्र कुमार शर्मा, पं. सजीव शर्मा को प्रतीक चिह्न एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। जिस पर इन सभी शिक्षविदों ने सम्मानित होने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पं. जेके गौड राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पं. आदेश शर्मा, पं. विजय भारद्वाज, पं. संदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष पं. जयनन्द शर्मा ने किया।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गरुवार 26 दिसंबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुनाव के लिए हो रहा है अध्यक्ष की ताजपोशी का इंतजार

15 जनवरी के बाद नगर निगम को मिल सकता है नया निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव अहम माना जाता है। नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव इस बार बेहद नाटकीय परिस्थितियों में हुआ था और यहां भाजपा के खाते में एक अतिरिक्त सीट आई थी। निगम कार्यकारिणी चुनाव 17 सितंबर को हुआ था और उसी के बाद से अब निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव होना है। कार्यकारिणी चुनाव से पहले लॉटरी सिस्टम से आउट होने वालों में पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, भाजपा पार्षद रेखा गोस्वामी, भाजपा पार्षद गौरव सौलंकी, निर्दलीय पार्षद धीरेंद्र यादव बिल्लू और पार्षद आदिल मलिक थे। इसके बाद निगम कार्यकारिणी का चुनाव होना था। यहां राजीव शर्मा ने अपना पर्चा भरा। पार्षद नीलम भारद्वाज ने पर्चा दाखिल किया और पार्षद संजय सिंह ने नामांकन पत्र दिया। इसके बाद हंगाम हुआ और फिर पार्षद नीलम भारद्वाज और संजय सिंह ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। राजीव शर्मा नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद सदन से चले गए थे। शाम तक इंतजार होता रहा और फिर ये बैठक स्थगित कर दी गई। इसके बाद जब कार्यकारिणी चुनाव हुआ तो पार्षद राजीव शर्मा ने अपने दावे को सही साबित करते हुए यहां जीत हासिल की और वो फिर से निगम कार्यकारिणी में चुने गए। अब निगम कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष चुना जाना है। बताते हैं कि पहले विधानसभा चुनाव के कारण यह चुनाव नहीं हो पाया और फिर भाजपा के संगठन चुनाव आ गए। वहीं निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के इलेक्शन का सीधा कनेक्शन भाजपा महानगर अध्यक्ष वाली कुर्सी से जुड़ा है। सूत्र बताते हैं कि निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के लिये महानगर अध्यक्ष की ताजपोशी का इंतजार हो रहा है। इसकी वजह भी यह बताई जाती है कि निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का नाम और पार्टी व्हिप संगठन स्तर पर जारी होती है। संगठन से ही नाम आता है और संगठन के नाम के लिये अध्यक्ष अनुमति देते हैं। हालांकि अभी नई घोषणा तक संजीव शर्मा ही महानगर अध्यक्ष हैं, लेकिन सूत्र बताते हैं कि यहां नए अध्यक्ष की घोषणा के बाद ही निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष उम्मीदवार वाले नाम का ऐलान होगा। 14 जनवरी के बाद कभी भी घोषणा हो सकती है।

पुराने छह सदस्यों में शामिल हैं ये नाम

करंट क्राइम। जो कार्यकारिणी सदस्यत लॉटरी सिस्टम में नहीं आए थे और जो निगम कार्यकारिणी में हैं उनमें भाजपा पार्षद शीतल चौधरी, पार्षद प्रवीण चौधरी, पार्षद यशपाल पहलवान, रामनिवास बंसल, अजय शर्मा और मनोज त्यागी के नाम हैं।

नई कार्यकारिणी में हुई इन नामों की एंट्री

करंट क्राइम। निगम कार्यकारिणी में लॉटरी सिस्टम से आउट होने के बाद जो नाम कार्यकारिणी में आए हैं उनमें भाजपा पार्षद राजीव शर्मा, पार्षद नरेश भाटी, पार्षद पूनम सिंह, पार्षद नरेश जाटव, पार्षद नीरज गोयल और भाजपा पार्षद अमित त्यागी के नाम हैं। इन नामों में से भी किसी एक नाम पर दावेदारी बन सकती है।

कौन से नाम पर बन सकती है सदन और संगठन के बीच सहमति

करंट क्राइम। नगर निगम का चुनावी गणित देखें तो यहां भाजपा पूरी तरह से गेम को अपने हाथ में लिये हुए है। सौ पार्षदों वाले सदन में वो 75 प्रतिशत बहुमत के साथ है। निगम कार्यकारिणी में उसका दबदबा है और ऐसे में कौन सा नाम निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद के लिये सामने आएगा इसको लेकर कयास है। निगम उपाध्यक्ष की बात करें तो यहां शीतल चौधरी का नाम आता है। वो भाजपा की युवा महिला राजनीति का चेहरा हैं। उन्होंने पहली बार चुनाव लड़ा और उस वार्ड से जीत हासिल की जहां भाजपा कभी नहीं जीती थी। निगम के सदन में अपनी बात को मजबूती से रखती हैं। निगम के मुद्दों की जानकारी है और ये चेहरा भाजपा की महिला सशक्तिकरण थीम का चेहरा हो सकता है। वहीं यहां जो नाम मौजूदा समय की राजनीति के हिसाब से माना जा सकता है वो यशपाल पहलवान का है। यशपाल पहलवान के साथ कमांडर फैक्टर भी जुड़ा है। वो पहले भी कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के लिये दावा कर चुके हैं। इस बार भी वो दावेदारी में हैं। नदिया पार का ये चेहरा कितनी जगह बना पाता है ये देखने की बात है। यहां पर पर्ची सिस्टम से आउट होने के बाद गेम को दोबारा अपने पक्ष में करने वाले गेम चेंजर राजीव शर्मा का नाम भी मजबूती से लिया जा रहा है। ये माना जा रहा है कि मेयर की वीटो राजीव शर्मा के समर्थन में लगेगी और वो एक बार फिर से निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष वाले ताज को हासिल करेंगे। राजीव शर्मा पुराने पार्षद हैं। सदन में आवाज उठाने से लेकर निगम एक्ट की जानकारी रखते हैं। वहीं एक नाम पार्षद अमित त्यागी का भी है। बताया जाता है कि अमित त्यागी यहां कार्यकारिणी उपाध्यक्ष बनने के लिये पूरे प्रयास कर रहे हैं। वो चाहते हैं कि उन्हें उपाध्यक्ष बनाया जाए। बताया ये जाता है कि यहां विधायक अजीतपाल त्यागी की पैरवी पर अमित त्यागी का पूरा गेम टिका है।

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बुधवार को भगवागढ़ के दो बड़े जनप्रतिनिधि कर रहे थे आपस में मंच शेयर? हमने सुना दोनों में से एक जनप्रतिनिधि के शब्दों में थी जनरली साहब को लेकर केयर? जनप्रतिनिधि ने दूसरे जनप्रतिनिधि से पूछी साहब को बधाई देने की बात? इस सवाल पर सामने से आई ना में आवाज? ना करने वाले जनप्रतिनिधि ने सवाल पूछने वाले जनप्रतिनिधि से भी पूछा साहब को बधाई देने वाला सवाल? सामने से आवाज आई हमने तो फोन मिलाया था मगर उन्होंने नहीं जाना हमारी रिंगटोन का हाल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अटल जी की 100वीं जयंती पर हमने जो तस्वीरें देखी भगवा कार्यालय पर वो हमको नहीं हुई बिल्कुल भी हजम? मात्र 15 चेहरे इस मौके पर पुष्प अर्पित करते नजर आये? सवाल यही उठा कि आखिर बाकी बड़े नेताओं ने क्यों नहीं की केयर? क्यों सांसद, विधायक और बाकी जनप्रतिनिधियों ने नहीं निकाला पार्टी कार्यालय पर आने का टाईम? 100वीं जयंती पर उदासीनता का ये संदेश हमें बिल्कुल भी नहीं लगा फाईन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** किंग वाली सिटी में इस बार मिल रहे हैं तख्ता पलट के संकेत? पता चला है कि यहां पर कोई ठाकुर चेहरा हो सकता है कमिश्नर वाला फेस? सुना है मौजूदा कमिश्नर अखरोट में से गिरी निकालने का कर रहे हैं प्रयास? मगर उनके प्रयास नहीं दिखा पा रहे हैं कोई असर खास? सुना है यहां पर विधायक जी ने दे दिया है इस बार ठाकुर चेहरे को अपना पूरा पूरा आशीर्वाद? लगता है जो राम को लाये हैं वाली धुन पर नाचने वाले चेहरे को इस बार सबने कर दिया है दिल से पास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें बहुत अच्छी लगती है भगवा लीलू भैया की लीला? वो कभी राजनीति में बहुत ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं, कभी हो जाता है उनका मामला ढीला? हमें पता चला है कि वो इस बार कर रहे थे पोएट वाली सिटी से भगवा कमिश्नर बनने के प्रयास? मगर यहां उनके प्रयासों के साथ कुछ ऐसा हुआ जैसे किसी ने लगा दी हो भुस के ढेर में आग? पता चला है उनका भेजने वालों ने भेजा ही नहीं है पैनल में नाम? ना ही खुदा मिला, ना ही विसाल ए सनम? ना जाने अब क्या करेंगे हमारे प्रधान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भाईसाहब मैं बता रहा हूं अपने मन की बात? अगर अटल चौक को लेकर देना ही नहीं था सौंफ वाले शर्मा को धरना? तो फिर क्यों की थी कभी उन्होंने इतनी बड़ी बड़ी बात? बीत गई 25 दिसम्बर आज भी हैं पहले जैसे हालात? हम चाहते हैं जिनती ताकत से उन्होंने दिया था धरना देने का संदेश? अब उतनी ताकत से वो इस बात को स्वीकार करें कि उस वक्त इस बात को जल्दबाजी में कह गया था मेरा फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कभी भगवा एडवोकेट ने पूरी सुशीलता से लड़ी थी किसी महानमंत्री से लड़ाई? लड़ाई के बाद ऐसा लगा था कि जब मंडल वाले नए परिवर्तन होंगे? तब इस लड़ाई के प्रभाव उनकी दावेदारी पर देंगे दिखाई? मगर यहां तो सीन ही गया है पूरा उलट? पूरी महिमा से एडवोकेट साहब का मामला गया है सुलझ? हमें मिल रहे हैं फिर से उनकी ताजपोशी के संकेत? अगर ऐसा ना हो तो जो कहोगे हार जायेंगे? कभी अपनी बात से पलटी नहीं मारता है हमारा फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पार्टी के प्रति सक्रिय रहती है दया में आनंद ढूंढने वाले गुर्जर नेता की वफा? मगर सुना है इस बार नहीं आ रही है संगठन वालों को उन पर दया? उनके फेस को बदलने का बनाया जा चुका है विचार? ना जाने कौन से ढूंढे हैं ढूंने वालों ने विकार? कहने वाले ने कहा उनकी सीट पर इस बार किसी बाल्मिकी चेहरे को मिल रहा है स्थान? दया में आनंद ढूंढने वाले चेहरे अब संगठन की मुख्य टीम में आने का प्रयास करें? हमारा उन पर है बस यही पैगाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मुरादनगर विधानसभा में तीन भगवा कमिश्नरियों पर ठाकुर चेहरे की दावेदारियां नहीं हो रही हैं कई दिलजलों को हजम? कहने वाले ने कहा गोविंदपुरम में ठाकुर, राजनगर में ठाकुर, कविनगर में ठाकुर अगर आ गये, तो हो जायेगा हम पर बहुत ज्यादा सितम? कहने वाले ने कहा पार्टी तक छोड़ रहे हैं छोड़ने वाले मजबूती से तीर? समय आने पर दो ठाकुर चेहरों को लगेगा घाव गंभीर? तीन में से दो कमिश्नरी से हो जायेगी ठाकुर दावेदारी की विदाई? हमारा हो गया है महाभारत के संजय वाला अंदाज? ना जो अब क्यों हमें दूर दूर का भी देता है बिल्कुल स्पष्ट दिखाई?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पोएट वाली सिटी में अध्यात्मिकता के दम पर दो चेहरे कर रहे हैं भगवा कमिश्नर बनने और बनवाने का प्रयास? मिस्टर तोमर ने जहां भंडारा किया है वहीं मिस्टर पुण्डीर ने स्थानीय कार्यकताओं का धार्मिक टूर लगवाया है साहब? सुना है मिस्टर पुण्डीर पूरे तरीके से दागना चाह रहे हैं कर्म में वीरता दिखाने वाले साथी का तीर? देखना अब ये है किसके हिस्से में आयेगा कमिश्नरी का प्रसाद? किस पर होगी प्रभु की कृपा, किसको मिलेगा विधायक जी का आशीर्वाद?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा पहलवान को हो गया है इस बात का बखूबी अहसास? दया में आनंद ढूंढने वाले उनके बिरादरी के चेहरे का पत्ता हो रहा है कमिश्नरी से साफ ? सुना है वो यहां पर पूरी ताकत से फिर चल रहे हैं अपनी बिरादरी वाला कार्ड? पता चला है वो किंग कुमार के पुत्र को दिलवाना चाह रहे हैं इस कमिश्नरी से आशीर्वाद? पैनल में भेजा है पहलवान ने राजा जी के बेटे का नाम? देखना अब ये है जो खुद महानगर अध्यक्ष बनने का प्रयास कर रहे हैं, वो कितना कर पायेंगे अपनी बिरादरी वाले का समाधान?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

गाजियाबाद में आज से शुरू होगी पुलिस भर्ती के लिए वेरीफिकेशन

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गुरुवार 26 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले पुलिस भर्ती की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और फिजिकल स्टैंडर्ड परीक्षण के संबंध में पुलिस उपायुक्त नगर राजेश कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन कमिश्नरेट गाजियाबाद में बुधवार 25 दिसंबर को बोर्ड के सभी सदस्यों के रिहर्सल करते हुए संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान पुलिस के आलाधिकारियों और प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। तीन फरवरी तक महिला और पुरुष सिपाहियों की भर्ती की प्रक्रिया के सभी वेरिफिकेशन, फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट होने हैं। यह सभी पुलिस लाइन गाजियाबाद में आयोजित किए जाएंगे। बताया जा रहा है की पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी की निगरानी में होगी ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी या संदेह की आशंका न रहे। वहीं पुलिस के अधिकारी समय-समय पर यहां औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं और अन्य कार्यों की समीक्षा भी करेंगे।

आईएएस इन्द्र विक्रम सिंह व आरके सिंह बनाए गए सचिव

गाजियाबाद, करंट क्राइम : भारतीय प्रशासनिक सेवा के 95 अफसरों को क्रिसमस के अवसर पर पदोन्नति का तोहफा दिया गया है। इस लिस्ट में गाजियाबाद के वर्तमान डीएम इन्द्र विक्रम सिंह व पूर्व डीएम आरके सिंह को सचिव बनाया गया है।

वहीं आजमगढ़ के मंडलायुक्त मनीष चौहान और खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू सहित सात आईएएस अफसरों को सचिव से प्रमुख सचिव पद पर प्रमोशन किया गया है। वहीं लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, कानपुर नगर के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह समेत 38 आईएएस को जिलाधिकारी एवं विशेष सचिव स्तर से सचिव स्तर में प्रमोशन मिला है।

2009 बैच के 18 आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी (विशेष सचिव) पद से सचिव पद पर प्रमोशन मिला है। लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, डॉ. रुपेश कुमार, नग विकास विभाग के निदेशक अनुज झा, माला श्रीवास्तव, नितिन बंसल, मासूम अली सरवर, विजय किरण आनंद, भानुचंद्र गोस्वामी, प्रकाश बिंदु, एस.राजलिंगम, विवेक, भूपेंद्र एस. चौधरी, वैभव श्रीवास्तव, अजीत कुमार, प्रमोद कुमार उपाध्याय, संगीता सिंह, शुभ्रा सक्सेना, अदिति सिंह और इंद्र विक्रम सिंह को प्रमोशन दिया गया है। प्रमोटी आईएएस ब्रजेश नारायण सिंह, राकेश कुमार मिश्र, रमाकांत पांडेय, आनंद कुमार सिंह, राजेश कुमार, मार्कण्डेय शाही, अविनाश कृष्ण सिंह, राजेश प्रकाश, अखिलेश कुमार मिश्र, हीरालाल, शैलेंद्र कुमार, राकेश कुमार सिंह, डॉ. अनिल कुमार सिंह, साहब सिंह, मानवेंद्र सिंह, अटल कुमार राय, नरेंद्र प्रसाद पांडेय को भी प्रमोशन मिला है। 2010 बैच के भवानी सिंह खंगारोत, 2011 बैच के संजय सिंह, देवेंद्र कुमार पांडेय को भी सलेक्शन ग्रेड दी गई है।

गाजियाबाद में बेमिसाल रही है इन्द्र विक्रम सिंह और आरके सिंह की वर्किंग

करंट क्राइम : क्रिसमस के मौके पर आईएएस अधिकारियों की प्रमोशन वाली लिस्ट जारी हुई। तो इसमें गाजियाबाद के वर्तमान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह का नाम शामिल हुआ है। तो वहीं पूर्व डीएम रहे राकेश कुमार सिंह का भी नाम सचिव बनने में आ गया है। दोनों ही अधिकारी गाजियाबाद में लंबे समय तक तैनात रहे हैं। इनकी वर्किंग का स्टाइल मीडिया से लेकर पब्लिक के बीच अलग पहचान रखता है। जनसुनवाई से लेकर प्रमुख सरकारी महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में भी उनकी चर्चा प्रदेश के अधिकारियों के बीच सुनी जाती है। तो दोनों अधिकारियों ने गाजियाबाद में जिलाधिकारी रहते हुए कई प्रमुख आंदोलन को शांत कराने और बड़े मिशन को पूरा करने का काम भी बेहतर ढंग से संभाला है। दोनों अधिकारियों का नाम प्रमोशन लिस्ट में आने के बाद सोशल मीडिया पर दोनों को ही सचिव को ढेरों शुभकामनाएं मिली हैं।

सचिव से प्रमुख सचिव बने

करंट क्राइम : 2000 बैच के आईएएस अधिकारी सौरभ बाबू, मनीष चौहान, रंजन कुमार, अनुराग यादव और रणवीर प्रसाद को सचिव से प्रमुख सचिव के पद पर प्रमोट किया गया है। इनके अतिरिक्त 2000 बैच के आईएएस अधिकारी अमित गुप्ता, दीपक अग्रवाल का भी प्रमोशन किया गया है।

गृहमंत्री की झूठी वायरल पोस्ट ने पहुंचा दिया जेल

फर्जी सूचना पड़ गई यूटयूबर को भारी

गाजियाबाद, करंट क्राइम : मुरादाबाद निवासी एक युवक ने फेसबुक पर अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए गृह मंत्री अमित शाह के निधन और श्रद्धांजलि की फर्जी पोस्ट वायरल कर दी। वायरल इन इंडिया नाम से संचालित फेसबुक पेज पर वायरल हुई पोस्ट भाजपा के वसुंधरा मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा तक पहुंची तो उन्होंने मंगलवार रात मुकदमा दर्ज कराया। आईपी एड्रेस के जरिए पुलिस आरोपी तक पहुंची और रोहित कुमार नाम के युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

वसुंधरा मंडल अध्यक्ष की शिकायत पर दर्ज हुआ था केस

भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने लिया एक्शन

करंट क्राइम : गृह मंत्री अमित शाह के निधन की बात लिखी थी। पोस्ट को 17 से भी ज्यादा फेसबुक चैनल के साथ टैग किया गया है। वायरल हुई लंबी-चौड़ी पोस्ट की शुरूआत में गृहमंत्री के निधन की बात है। भाजपा के वसुंधरा मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि यह पोस्ट मंगलवार रात उन तक पहुंची तो उन्होंने तुरंत मामले में इंदिरापुरम थाना पुलिस को सूचना दी। भाजपा नेता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज कर लिया।

आरोपी तक आईपी एड्रस तक पहुंची पुलिस

करंट क्राइम : फेसबुक पर साझा हुई पोस्ट का आईपी एड्रस ट्रेस कर पुलिस मुरादाबाद निवासी रोहित कुमार पुत्र अखिलेश तक पहुंची और उसे गिरफ्तार किया। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी मूलरूप से मैनपुरी का रहने वाला है। युवक नोएडा के मामूरा स्थित एक होटल में तीन महीने पहले रिसेप्शनिस्ट की नौकरी करता था। फिलहाल वह मुरादाबाद में रह रहा था। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने फेसबुक पर अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए पोस्ट वायरल की थी।

समाजवादी पार्टी की यूथ विंग हो गई क्या उदासीन

चार यूथ सपा पदाधिकारियों को मिला है रसीदें और शुल्क ना जमा होने वाला नोटिस

विक्की ठाकुर

नाजिम चौधरी

इरफान अमानत चौधरी

विवेक त्यागी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव राजनीति का युवा चेहरा माने जाते हैं। समाजवादी पार्टी में युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिये अलग-अलग प्रकोष्ठ हैं। इनमें मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड है तो समाजवादी युवजन सभा है। समाजवादी छात्र सभा भी है और लोहिया वाहिनी भी है। समाजवाद का यूथ चेहरा शायद मजबूत नहीं चल रहा है। समाजवादी पार्टी के यूथ विंग को नोटिस मिला है और हैरानी की बात है कि ये नोटिस सदस्यता अभियान में उनकी उदासीनता को लेकर है। समाजवादी पार्टी के यूथ विंग के पदाधिकारियों ने छात्र-नौजवान पीडीए सदस्यता अभियान कार्यक्रम की प्रारंभिक सदस्यता की रसीदें ली थीं और चार महीने बाद भी ना रसीदें जमा हुई और ना शुल्क जमा हुआ। पार्टी ने इसे उदासीन रवैया माना और नोटिस जारी किया। जिन समाजवादी यूथ नेताओं को ये नोटिस जारी किया गया है उनमें सपा लोहिया वाहिनी के महानगर अध्यक्ष विवेक त्यागी, समाजवादी युवजनसभा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर विक्की सिंह, सपा छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष नाजिम चौधरी और मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष इरफान अमानत चौधरी हैं। इन सभी को नोटिस जारी किया गया है। ये चारों ही समाजवादी पार्टी के यूथ इकाई के पदाधिकारी हैं और सदस्यता को लेकर ही ये उदासीन माने गए हैं और पार्टी ने इनसे स्पष्टीकरण मांग लिया है।

तीन दिन के अंदर जमा कराएं रसीद और फीस या फिर दें अपना स्पष्टीकरण

करंट क्राइम। सपा के यूथ नेताओं को जो नोटिस जारी हुआ है उसमें कहा गया है कि छात्र-नौजवान पीडीए सदस्यता कार्यक्रम अभियान के तहत आपको प्रारंभिक सदस्यता की रसीदें दी गई थी। चार महीने बीत जाने के बाद भी ना तो प्रारंभिक सदस्यता की रसीदें जमा हुई और ना ही उसका शुल्क जमा किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि तीन दिन के अंदर प्रारंभिक सदस्यता की रसीदें तथा शुल्क जमा करें अथवा अपना स्पष्टीकरण दें।

संपादकीय

राष्ट्र-पुरुष की जयंती

मैं जी भर जीया, मैं मन से मरूं, लौटकर आऊंगा, कूच से क्यों डरूं?ह्न अटल जी के ये शब्द कितने साहसी हैं... कितने गूढ़ हैं। अटल जी कूच से नहीं डरे... उन जैसे व्यक्तित्व को किसी से डर लगता भी नहीं था। वो ये भी कहते थे- जीवन बंजारों का डेरा, आज यहां कल कहां कूच है, कौन जानता किधर सवेरा। आज अगर वो हमारे बीच होते, तो वो अपने जन्मदिन पर नया सवेरा देख रहे होते। मैं वो दिन नहीं भूलता जब उन्होंने मुझे पास बुलाकर अंकवार में भर ललया था और जोर-से पीठ पर धौल जमा दी थी। वो स्नेह, अपनत्व, प्रेम... मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है। 25 दिसम्बर का ये दिन भारतीय राजनीति और जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है। आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटलजी को, उन आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है। उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है। 21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाए, उसने देश को एक नई दिशा, नई गति दी। 1998 के जिस काल में उन्होंने प्रधानमंत्री पद संभाला, उस दौर में पूरा देश राजनीतिक अस्थिरता से घिरा था। 9 साल में देश ने चार बार लोकसभा चुनाव देखे थे। लोगों को शंका थी कि ये सरकार भी उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाएगी। ऐसे समय में एक सामान्य परिवार से आने वाले अटलजी ने देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया। भारत को नव-विकास की गारंटी दी।

वो ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव भी आज तक अटल है। वो भविष्य के भारत के परिकल्पना-पुरुष थे। उनकी सरकार ने देश को आईटी, टेलीकम्युनिकेशन और दूरसंचार की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ाया। उनके शासनकाल में ही एनडीए ने टेक्नोलॉजी को सामान्य मनुष्य की पहुंच तक लाने का काम शुरू किया। भारत के दूर-दराज के इलाकों को बड़े शहरों से जोड़ने के सफल प्रयास किए गए। वाजपेयी जी की सरकार में शुरू हुई जिस स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने भारत के महानगरों को एक सूत्र में जोड़ा, वो आज भी लोगों की स्मृतियों पर अमिट है। लोकल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए भी एनडीए सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे कार्यक्रम शुरू किए। उनके शासनकाल में दिल्ली मेट्रो शुरू हुई, जिसका विस्तार आज हमारी सरकार एक वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में कर रही है। ऐसे ही प्रयासों से उन्होंने न सिर्फ आर्थिक प्रगति को नई शक्ति दी, बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों को जोड़कर भारत की एकता को भी सशक्त किया। जब भी सर्व शिक्षा अभियान की बात होती है, अटलजी की सरकार का जिक्र जरूर होता है। शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानने वाले वाजपेयी जी ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था, जहां हर व्यक्ति को आधुनिक और गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले। वो चाहते थे भारत के हर वर्ग यानी ओबीसी, एससी, एसटी, आदिवासी और महिला सभी के लिए शिक्षा सहज और सुलभ बने।

ऑडिट फर्म डेलॉइट की विश्वसनीयता पर उठे सवाल

एनएफआरए ने लगाया 2 करोड़ रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (एनएफआरए) ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जीईईएल) की ऑडिटिंग में कथित चूक के लिए डेलॉइट हैस्किन्स एंड सेल्स एलएलपी और दो चार्टर्ड अकाउंटेंट पर 2 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया है। 2 करोड़ रुपये का जुमार्ना 2018-19 और 2019-20 वित्तीय वर्षों के लिए ऑडिटिंग में चूक से संबंधित है। एफएफआरए ने चार्टर्ड अकाउंटेंट एबी जानी, जो ऑडिट के लिए एंगेजमेंट पार्टनर (ईपी) थे, पर 10 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है और उन्हें 5 साल के लिए कोई भी ऑडिट कार्य करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। वहीं, राकेश शर्मा, जो एंगेजमेंट क्वालिटी कंट्रोल रिव्यू (ईक्यूसीआर) पार्टनर थे, पर 5 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है और 3 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। वित्तीय मामलों पर निगाह रखने वाली सरकारी एजेंसी एनएफआरए के

मुताबिक, पहली नजर में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ऑडिटर ने कंपनी एक्ट के साथ-साथ ऑडिटिंग स्टैंडर्ड (एसए) के तहत अपने पेशेवर कर्तव्यों का निर्वहन नहीं किया है। डेलॉइट के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि उन्हें फर्म और दो रिटायर्ड पार्टनर्स के खिलाफ एनएफआरए का आदेश मिला है और हम मौजूदा समय में अपना अगला कदम का उठाने के लिए आदेश की समीक्षा कर रहे हैं। एनएफआरए की जांच से पता चला कि ऑडिट में बड़ी लापरवाही की गई थे। कई अहम चीजों को अनदेखा कर दिया गया था। एनएफआरए ने पाया कि ऑडिटर्स ने प्रबंधन के दावों को पर्याप्त रूप से चुनौती नहीं दी और संदिग्ध धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग का मूल्यांकन करने में भी विफल रहे। इस साल अगस्त में जीईईएल और कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (सीएमईपीएल) जो सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के रूप में काम करती है, ने अपनी समूह कंपनी बांग्ला एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (बीईपीएल) के साथ मिलकर एक गैर-नकद समझौता किया था, जिसमें विलय सहयोग समझौते और व्यवस्था की कंपोजिट स्कीम से संबंधित सभी विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किया गया था। इस साल जनवरी में सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) ने दिसंबर 2021 के समझौते को रद्द करते हुए जी एंटरटेनमेंट के साथ प्रस्तावित 10 अरब डॉलर के विलय सौदे को समाप्त कर दिया। सोनी ने विलय समझौते की शर्तों के जी एंटरटेनमेंट द्वारा कथित उल्लंघन के लिए 90 मिलियन डॉलर की समाप्ति शुल्क की भी मांग की थी। जी ने 10 अरब डॉलर के विलय से हटने के लिए 23 मई को एसपीएनआई और उसकी इकाई बांग्ला एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (बीईपीएल) से 90 मिलियन डॉलर का समाप्ति शुल्क भी मांगा था।

भारतीय शेयर बाजार ने लगातार नौवें वर्ष दिया सकारात्मक रिटर्न

नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार, मजबूत आधार और राजनीतिक स्थिरता के कारण भारतीय शेयर बाजार ने 2024 में अब तक सकारात्मक रिटर्न दिया है। यह लगातार नौवां वर्ष है, जब घरेलू बाजार तेजी देखी गई है। स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 भारतीय इक्विटी और बॉन्ड के लिए दो अलग-अलग हिस्सों का साल रहा। पहली छमाही में मजबूत आर्थिक गतिविधि और कॉर्पोरेट आय के समर्थन से मजबूत वृद्धि देखी गई, जबकि दूसरी छमाही में कंसोलिडेशन के बीच अस्थिरता देखने को मिली। उतार-चढ़ाव के बीच भी भारतीय शेयर बाजार सकारात्मक रिटर्न देने में कामयाब रहा है। इस दौरान निफ्टी में 9.21 प्रतिशत और सेंसेक्स में 8.62 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इससे पहले मोतीलाल ओसवाल द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले 35 वर्षों में भारतीय इक्विटी ने अमेरिकी बाजारों से बेहतर प्रदर्शन किया है। इसकी वजह भारतीय शेयर बाजारों में निवेश बढ़ना है। 1990 के बाद से भारतीय इक्विटी बाजारों में निवेश लगभग 95 गुना बढ़ा है। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर किसी ने 1990 में भारतीय शेयर बाजारों में 100 रुपये का निवेश किया होता, तो नवंबर 2024 तक यह राशि बढ़कर 9,500 रुपये हो जाती। वहीं, इसी अवधि में अमेरिकी शेयर बाजारों में निवेश किए गए 100 रुपये बढ़कर 8,400 रुपये हो गए हैं। हालांकि, इस दौरान गोल्ड के द्वारा भी 32 गुना का रिटर्न दिया गया है। मोतीलाल ओसवाल वेल्थ मैनेजमेंट

की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में कमजोर आय प्रदर्शन के बाद ग्रामीण खर्च में वृद्धि, शादियों के सीजन एवं सरकारी खर्च में तेजी के कारण दूसरी छमाही में आय में सुधार की उम्मीद है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, ₹हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 25-27 के दौरान आय में 16 प्रतिशत सीएजीआर की वृद्धि होगी। इसके अलावा हाल ही में बाजार में आई गिरावट और मूल्यांकन में नरमी से चुनिंदा बॉटम-अप स्टॉक जोड़ने का अवसर मिला है।

रोचक तथ्यों का करंट



- शनि के छल्ले ठोस नहीं हैं वे बर्फ, धूल और चट्टान के टुकड़े से बने होते हैं।
- आंखों के लिए, अंतरिक्ष में, सूरज सफेद दिखाई देगा, पीला नहीं।
- कछुआ अंतरिक्ष यात्री से पहले चंद्रमा परिक्रमा किया था : वह एक रूसी अंतरिक्ष जांच का परीक्षण करने के लिए भेजा गया था।
- अगर मनुष्य को बिना किसी सुरक्षा उपाय के स्पेस में छोड़ दिया जाए तो वह केवल 2 :00 मिनट तक ही जीवित रहेगा।
- अंतरिक्ष यात्री जब अंतरिक्ष का सफर कर पृथ्वी पर लौटते हैं तो उन्हें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के हिसाब से ढलने में समय लगता है। अंतरिक्ष की तरह वह पृथ्वी पर भी चीजों को हाथ से छोड़ देते हैं। लेकिन पृथ्वी पर चीजें जमीन पर गिर जाती हैं और टूट जाती हैं।
- अंतरिक्ष में पहली मानव निर्मित वस्तु जर्मन वी 2 रॉकेट थी।
- उत्तर कोरिया की अंतरिक्ष एजेंसी को नाडा कहा जाता है, जो स्पेनिश में 'कुछ नहीं' होता है।
- स्पेससूट में सीटी बजाना असंभव है।
- अंतरिक्ष में जन्मे काकरोच पृथ्वी पर जन्मे तिलचट्टे से तेज, ताकतवर, सख्त, और तेज हो जाते हैं।

विदेशों में बसे भारतीय देश में जमकर भेज रहे डॉलर, रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा रेमिटेंस

नई दिल्ली। नॉन-रेजिडेंट इंडियन (एनआरआई) जमा खातों में चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में 11.9 अरब डॉलर का इनफ्लो आया है, जो पिछले साल समान अवधि के आंकड़े 6.1 अरब डॉलर से करीब दोगुना है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर के अंत तक भारत में एनआरआई खातों में जमा रकम बढ़कर 162.7 अरब डॉलर हो गई है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 143.5 अरब डॉलर थी। एनआरआई डिपॉजिट योजनाओं में फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (एफसीएनआर) डिपॉजिट, नॉन-रेजिडेंट एक्सटर्नल (एनआरई) डिपॉजिट और नॉन-रेजिडेंट ऑर्डिनरी (एनआरओ) डिपॉजिट शामिल हैं। आंकड़े के मुताबिक, एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट में सबसे अधिक 6.1 अरब डॉलर का इनफ्लो आया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में जमा की गई 2.1 अरब डॉलर की राशि से लगभग तीन गुना है। इन खातों में कुल राशि 31.87 अरब डॉलर थी। इन खातों को विदेशों में काम करने वाले भारतीय पसंद करते हैं क्योंकि वे इनमें एक से पांच साल तक का फिक्स्ड डिपॉजिट रख सकते हैं, जिससे उन्हें अधिक ब्याज मिलता है। साथ ही ये खाते विदेशी मुद्रा में होते हैं, इसलिए ये जमा रुपये में उतार-चढ़ाव से सुरक्षित रहती हैं। आरबीआई ने इस महीने की शुरूआत में अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में एफसीएनआर (बी) खातों पर ब्याज दर की अधिकतम सीमा बढ़ा दी थी, जिससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के लिए अधिक इनफ्लो को आकर्षित किया जा सके। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद को दशार्ती है और आरबीआई को विदेश मुद्राओं के मुकाबले रुपये को स्थिर रखने में मदद करती है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, इस अवधि के दौरान एनआरई जमा में 3.09 अरब डॉलर का इनफ्लो देखा गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1.95 अरब डॉलर से अधिक था।

असंगठित क्षेत्र में एक साल में बढ़ गए एक करोड़ से अधिक रोजगार

नई दिल्ली। देश के असंगठित क्षेत्र के उद्यमों में एक साल में एक करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला। यानी, रोजगार में 10% की वृद्धि हुई। इस दौरान असंगठित उद्यमों की संख्या भी 12% से अधिक बढ़ गई। इससे इस क्षेत्र में रोजगार की संख्या 12 करोड़ पार कर गई। वहीं, असंगठित क्षेत्र के प्रतिष्ठानों की कुल संख्या 2022-23 के 6.50 करोड़ के मुकाबले 2023-24 में 7.34 करोड़ हो गई। केंद्र सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने अक्तूबर, 2023 से सितंबर, 2024 के बीच की अवधि के लिए गैर कृषि असंगठित उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण किया, जिसके निष्कर्ष असंगठित क्षेत्र के स्वस्थ विकास को दिखाते हैं। सर्वे से पता चलता है कि इस अवधि में इस क्षेत्र के उद्यमों में 12 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार

मिला, जो एक साल पहले के मुकाबले एक करोड़ अधिक है। यह श्रम बाजार की मजबूत वृद्धि बताता है।

महिला उद्यमियों की संख्या 14% बढ़ी

असंगठित क्षेत्र में महिलाओं के स्वामित्व वाले प्रतिष्ठानों की संख्या 2022-23 के 22.9 फीसदी से बढ़कर इस वर्ष 26.2 फीसदी हो गई है। यानी महिला उद्यमियों की संख्या में 14% का उछाल आया है। इससे व्यवसाय में महिलाओं की बढ़ती रूचि और दबदबे का पता चलता है।

कमाई भी 13% बढ़ी

प्रति कर्मचारी औसत पारिश्रमिक में वर्ष 2022-23 की तुलना में 2023-24 में 13% की वृद्धि हुई, जो वेतन स्तर में सुधार का महत्वपूर्ण संकेत है। यह वेतन वृद्धि उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है, श्रम बाजार को मजबूत करती है, व्यापक आर्थिक मांग को बढ़ावा देती है।

असंगठित क्षेत्र के विनिर्माण क्षेत्र में 16% से अधिक बढ़ी कमाई

असंगठित क्षेत्र में रोजगार के साथ-साथ कमाई मोर्चे पर भी अच्छी खबर है। वर्ष 2022-23 की तुलना में प्रति कर्मचारी औसत पारिश्रमिक में सर्वाधिक वृद्धि विनिर्माण क्षेत्र में देखी गई, जिसमें 16 प्रतिशत से थोड़ी अधिक वृद्धि हुई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के सर्वे के अनुसार अक्तूबर, 2023 से सितंबर, 2024 के बीच असंगठित क्षेत्र में सबसे अधिक 17.86 फीसदी की मजबूत रोजगार बढ़त अन्य सेवा क्षेत्रों में हुई, जबकि विनिर्माण क्षेत्र दूसरे स्थान पर रहा, जिसमें 10.03 प्रतिशत रोजगार वृद्धि हुई।

राशिफल

मेष : आज का दिन मध्यम फलदायक रहेगा। मानसिक तनाव बढ़ेगा और कमजोरी महसूस हो सकती है इसलिए बीमार पड़ने की संभावना रहेगी, थोड़ा ध्यान रखें।

वृष : आपके व्यापार-धंधे में प्रवास होगा और उसमें लाभ होगा। रोमांटिक जीवन में भी आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। अपने साथी के साथ खूब मस्ती करने वाले हैं।

मिथुन : आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के नौकरीपेशा वालों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है। ऑफिस में काम ज्यादा हो सकता है।

कर्क : आपके लिए आज का दिन मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। आज आप खूब जमकर मेहनत करेंगे जिससे आपको अच्छे नतीजे हासिल होंगे।

सिंह : आज दोस्तों के साथ मस्ती करने का मौका मिलेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के सम्बंध में शिकायत रहेगी। माता-पिता की मदद से कोई बड़ी समस्या हल होगी।

कन्या : दिन बढ़िया रहेगा। आर्थिक रूप से प्रगति होना तय है। जीवन में धन लाभ के नये अवसर आयेंगे। रूके हुये काम पूरे होने पर आपको खुशी का अनुभव होगा।

तुला : आपके लिए आज का दिन मध्यम फलदायक रहेगा। आपके कामों में विलंब हो सकता है जिससे आपको कुछ परेशानियां होंगी।

वृश्चिक : सामाजिक उत्सवों में सहभागिता का मौका है, जो आपको प्रभावशाली व्यक्तियों के संपर्क में लाएगा। स्वभाव में कुछ बड़े परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं।

धनु : आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी निजी काम को पूरा करने के लिए बड़े-बुजुर्ग की राय मानना आपके लिए कारगर साबित होगा।

मकर : आज दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। जीवनसाथी से किसी यात्रा पर जाने का विचार करेंगे। यह यात्रा आपके लिए भविष्य के मार्ग खोलेगी।

कुंभ : कार्यभार से थकान अनुभव हो सकता है। संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। लगातार बार-बार प्रयास करना आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

मीन : दिन ठीक-ठाक रहेगा। कोई काम पूरा होने में थोड़ी परेशानी आ सकती है। किसी अनुभवी की मदद आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

चुटकुले

हाईस्कूल में पढ़ने वाली दो लड़कियां आपस में बातें कर रही थीं।
पहली लड़की- यार, मेरे पापा ने कहा है कि इस बार अगर परीक्षा में फेल हुई तो तेरी शादी कर दूंगा।
दूसरी लड़की- तो तुमने कितनी तैयारी की है?
पहली लड़की- बस, रिसेप्शन की ड्रेस लेनी बाकी है....

अगर आपकी तोंद निकल रही है तो घबराएं नहीं... क्योंकि एयर बैग हमेशा लग्जरी कारों में ही होते हैं।

वोटर- यह जो आप उंगली पे स्याही लगाते हो ये कितने दिन में निकलेगी?
मतदान अधिकारी- करीब 4 महीने में।
वोटर (सिर आगे करते हुए)- यार मेरे सिर में लगादे।
डाई सिर्फ 15 दिन ही चलती है....

करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

26 12 2024

आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन

शिवम पाटेल
अभिनेता व डांसर

जितेन्द्र कसाना

अर्पित गर्ग

डॉ. नरेंद्र कुमार

नंदलाल वर्मा

मनोज शर्मा

परविन्दर यादव

सोनू वीरभान

सुरेश कुमार सिंह

प्रशांत गुप्ता

रवि राणा

मन्नु खान

राहुल वर्मा

कृष्ण गौतम

शाहबुद्दीन सैफी

अनुज पंडित

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

मैं सोच रही थी कि मेरी मां मेरे पहले वनडे शतक पर कितनी खुश होंगी: हरलीन

नई दिल्ली । भारत की बल्लेबाज हरलीन देओल, जिन्होंने वेस्टइंडीज पर 115 रनों की जीत में अपना पहला वनडे शतक बनाया, ने कहा कि वह सोच रही थी कि उनकी मां उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार शतक बनाते हुए देखकर कितनी खुश होंगी।

वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में, हरलीन ने 103 गेंदों पर 115 रन बनाए, जिसमें 16 चौके शामिल थे, जिससे भारत ने 358/5 का स्कोर बनाया, जो महिला वनडे में उनका संयुक्त उच्चतम स्कोर है। उन्होंने 62 गेंदों पर अपना अर्धशतक बनाया, और फिर तेजी से आगे बढ़ते हुए 98 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया।

मेरी मां हमेशा यही कहती रहती है कि भगवान उन्हें खुशियां देते हैं जो उन्हें बांटते हैं। जो लोग उन्हें बांटते नहीं, भगवान कहते हैं कि वे उन्हें बांट नहीं रहे हैं, क्योंकि वे इतनी छोटी सी खुशी से खुश नहीं होंगे। यह भगवान की योजना है। आपको बस इस पर विश्वास करते रहना है। उन पर भरोसा करते रहना है। बस यही एक बात है।

बीसीसीआई के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में हरलीन ने कहा,आप यह नहीं सोच सकते कि काश मैं अगले 10 मैचों में 100 रन बना पाती । लेकिन ऐसा लगता है, यह भी संभव हो सकता है। जब मैं वहां था, तो मैं सोच रही थी कि मेरी मां कितनी खुश होंगी। मुझे याद है कि जब मैं घायल हुई थी, तो हर कोई मेरे आस-पास था। लेकिन तब मेरी मां एक ऐसी इंसान थी, जो कभी इस बात से चिढ़ती नहीं थी कि मैं चल नहीं सकती।

हरलीन ने कहा, अगर आप पानी की बोतल उठाना चाहते हैं, तो आप ऐसा नहीं कर सकते। हरलीन की पारी का महत्व बहुत बड़ा है, क्योंकि उन्हें डब्ल्यूपीएल 2024 में गुजरात जायंट्स के लिए खेलते समय घुटने में चोट लग गई थी और मुंबई में उनकी सर्जरी हुई थी। जेमिमा रोड्रिग्स, जिन्होंने 34 गेंदों में अर्धशतक लगाया और हरलीन के साथ चौथे विकेट के लिए सिर्फ 71 गेंदों पर 116 रनों की साझेदारी की, ने याद किया कि बल्लेबाज को शतक बनाते देखकर वह कितनी खुश थीं।

जेमिमा ने कहा,जब मैं उनसे मिलने गई, तो उन्हें बस इतना करना था कि रिहैब के तौर पर अपना पैर सीधा करना था। मुझे याद है कि मैं वहीं बैठी थी और हैरी के चेहरे पर आंसू बह रहे थे।

एक दोस्त के तौर पर, मैं इसे देख नहीं पाई और उस दिन से लेकर अब तक, मैं इतनी खुश थी कि जब मैं नॉन-स्ट्राइकर एंड पर थी, जब यह पल हुआ, तो मैं बहुत भावुक हो गई। मैं बहुत खुश हूं कि तुमने 100 रन बनाए।"

रिहैब चरण ने उसे मानसिक रूप से कैसे मजबूत बनाया, इस बारे में बात करते हुए हरलीन ने कहा, जब आप रिहैब में होते हैं।

कोंस्टास के सामने बुमराह के रूप में बड़ी चुनौती होगी : पोंटिंग

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि सैम कोंस्टास में भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू में अपनी छाप छोड़ने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि किशोर बल्लेबाज में दुनिया को यह दिखाने का जज्बा है कि वह कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। लेकिन उनके सामने जसप्रीत बुमराह के रूप में बड़ी चुनौती होगी।

कोंस्टास (19) गुरुवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 90,000 से अधिक प्रशंसकों के सामने बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि उन्हें नैथन मैकस्वीनी की जगह टीम में शामिल किया गया है।

ऑस्ट्रेलिया की 2024 अंडर-19 पुरुष विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्य कोंस्टास ने कैनबरा के मनुका ओवल में भारत के खिलाफ अभ्यास मैच में प्रधानमंत्री एकादश की ओर से खेलते हुए शतक बनाया। 11 प्रथम श्रेणी मैचों में कोंस्टास ने 42.2 की औसत से 718 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।

मैंने बहुत कुछ देखा है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वहां बहुत प्रतिभा है। जिस तरह से उन्होंने पीएम इलेवन गेम में खेला (उन्होंने भारतीयों के खिलाफ 107 रन बनाए), जिस तरह से वह उस रात अपने पहले बीबीएल गेम में खेलने में सक्षम थे।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा,मुझे पता है कि यह अलग-अलग प्रारूप हैं, लेकिन आप देख सकते हैं कि प्रतिभा है और इसके साथ थोड़ा रवैया भी है। और यह कोई बुरा रवैया नहीं है, (लेकिन) यह रवैया है कि वह जानता है कि वह अच्छा है और वह दुनिया को दिखाना चाहता है।

बुमराह ने सर्वोच्च रेटिंग वाले भारतीय टेस्ट गेंदबाज अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी की

दुबई । भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ब्रिस्बेन में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बारिश से प्रभावित तीसरे टेस्ट में 94 रन देकर नौ विकेट लेने वाले बुमराह ने 14 अतिरिक्त रेटिंग अंक अर्जित किए, जिससे उनके कुल अंक करियर के सर्वोच्च 904 हो गए।

अपनी रेटिंग के साथ, बुमराह ने दिसंबर 2016 में पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी की और आईसीसी इतिहास में संयुक्त रूप से सर्वोच्च रेटिंग वाले भारतीय टेस्ट गेंदबाज बन गए। मेलबर्न में खेले जाने वाले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में एक और टेस्ट के साथ, बुमराह के पास अश्विन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने का मौका है।

दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड वर्तमान में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं, लेकिन अंकों के मामले में बुमराह से काफी पीछे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड भारत के खिलाफ चल रही सीरीज में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। एडिलेड में शतक लगाने के बाद गाबा में 152 रनों की उनकी वीरतापूर्ण पारी ने उन्हें 825 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंचा दिया है।

हेड के हमवतन स्टीव स्मिथ के तीसरे टेस्ट में शतक ने उन्हें एक बार फिर शीर्ष दस में पहुंचा दिया है।

राशिद खान अनुपलब्ध, गजनफर अफगानिस्तान की टेस्ट टीम में शामिल किया गया

नई दिल्ली । स्पिनर एएम गजनफर को गुरुवार को बुलावायो में शुरू होने वाली ज़िम्बाब्वे के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए अफगानिस्तान की टीम में शामिल किया गया है। यह घटनाक्रम उन रिपोर्टों के बाद हुआ है, जिनमें कहा गया था कि राशिद खान व्यक्तिगत कारणों से बॉक्सिंग डे गेम के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने बुधवार को अपने एक्स पोस्ट के जरिए कहा,"एएम गजनफर को ज़िम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए अफगानिस्तान की टीम में शामिल किया गया है, जिसका पहला मैच कल बुलावायो में शुरू होगा।

गजनफर को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है, जब उन्होंने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में तीसरे वनडे में 5/33 के प्रभावशाली आंकड़े हासिल किए, जिससे अफगानिस्तान को आठ विकेट से जीत हासिल करने और 2-0 से सीरीज जीतने में मदद मिली। दिलचस्प बात यह है कि गजनफर ने अपने क्रिकेट करियर में अभी तक कोई प्रथम श्रेणी मैच नहीं खेला है।

2024 गजनफर के लिए एक शानदार साल रहा है, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका में अंडर-19 पुरुष विश्व कप में अफगानिस्तान के लिए खेलना शुरू किया।

जहां उन्होंने 3.35 की इकॉनमी रेट से चार मैचों में आठ विकेट लिए और उसके बाद मार्च में आयरलैंड के खिलाफ सीनियर वनडे में पदार्पण किया।

इसके बाद उन्होंने अफगानिस्तान ए को 2024 में अपना पहला एसीसी पुरुष टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप खिताब जीतने में मदद की, ओमान में श्रीलंका ए के खिलाफ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता।

अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज का पहला मैच क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा, यह पहली बार होगा जब ज़िम्बाब्वे 28 साल में अपने घर में अपना पहला बॉक्सिंग डे टेस्ट आयोजित करेगा। इसके बाद जिम्बाब्वे अपने पहले नए साल के टेस्ट की मेजबानी करेगा, जो 2-6 जनवरी, 2025 के लिए निर्धारित है।

अफगानिस्तान की अद्यतन टेस्ट टीमः हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमत शाह, इकराम अलीखाइल, अफसर जजई, रियाज हसन, सेदिकुल्लाह अटल, अब्दुल मलिक, बहीर शाह महबूब, इस्मत आलम, अजमतुल्लाह उमरजई, जहीर खान, जिया उर रहमान अकबर, जहीर शहजाद, यामीन अहमदजई, बशीर अहमद अफगान, नवीद जादरान, फरीद अहमद मलिक और एएम गजनफर।

बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान खास उपलब्धि हासिल कर सकते हैं केएल राहुल, 'हैट्रिक' लगाने का रहेगा मौका

मेलबर्न । भारतीय टीम के स्टार केएल राहुल के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान खास उपलब्धि हासिल करने का मौका होगा। राहुल का बॉक्सिंग डे टेस्ट में बल्ला जमकर चलता है और अगर वह एक बार फिर अच्छी पारी खेलने में सफल रहे तो ऐसी उपलब्धि हासिल कर लेंगे जो इससे पहले किसी भारतीय ने नहीं दर्ज की। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार लय में चल रहे हैं राहुल राहुल का मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बल्ला अच्छा चला है और वह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। 32 वर्षीय राहुल ने 47 के औसत से 235 रन बनाए हैं। उनकी फॉर्म जैसी चल रही है उस हिसाब से वह भारत के लिए इस सीरीज में काफी महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। राहुल ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में खुद को साबित किया है। बॉक्सिंग डे टेस्ट में तीन शतक लगाने वाले पहले भारतीय होंगे राहुल बॉक्सिंग डे टेस्ट में लगातार दो शतक लगा चुके हैं और दोनों ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आए हैं। राहुल ने 2021 में सेंचुरियन में खेले गए बॉक्सिंग डे टेस्ट में 123 रन बनाए थे जहां भारत ने यादगार जीत दर्ज की थी। इसके अलावा उन्होंने पिछले साल भी दक्षिण अफ्रीका 101 रन की पारी खेली थी। अगर राहुल मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगाने में सफल रहे तो वह बॉक्सिंग डे टेस्ट में लगातार तीन शतक लगाने वाले पहले भारतीय बन जाएंगे।

सचिन-विराट को पीछे छोड़ने का मौका

इतना ही नहीं, राहुल बॉक्सिंग डे टेस्ट में लगातार सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे जैसे भारतीय बल्लेबाजों को पीछे छोड़ देंगे जिनके नाम बॉक्सिंग डे टेस्ट में दो शतक लगाने का रिकॉर्ड है। राहुल का बॉक्सिंग डे टेस्ट में सफर 2014 में शुरू हुआ था जब उन्होंने एमसीजी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। उनकी शुरूआत चुनौतीपूर्ण रही थी क्योंकि वह दोनों पारियां मिलाकर चार रन ही बना सके थे।

एकनाथ शिंदे ने जाना विनोद कांबली का हाल

मुंबई । महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली को 5 लाख रुपये की निजी सहायता देने की घोषणा की गई है। कांबली 90 के दशक के स्टाइलिश बाएं हाथ के बल्लेबाज रहे हैं। फिलहाल उनकी स्वास्थ्य स्थिति ठीक नहीं है और उनको ठाणे (भिवंडी) के आकृति अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जैसे ही कांबली के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिली, उनके आदेशानुसार उनके ओएसडी मंगेश चिवटे ने उनसे मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

90 हजार दर्शक, मेलबर्न का ऐतिहासिक मैदान और 19 वर्षीय सैम कोंस्टास का डेब्यू

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी , मेलबर्न का ऐतिहासिक मैदान। ये शब्द क्रिकेट की दुनिया में बहुत अहमियत रखते हैं। ऐसे में अगर एक 19 वर्षीय लड़के (सैम कोंस्टास) को 90000 दर्शकों के सामने अपना पहला टेस्ट खेलने का मौका मिले तो शायद एक बार के लिए रोंगटे खड़े हो जाएं। और जब आप उस टीम के सदस्य बनने जा रहे हैं, जिसने पिछले दस साल से सीरीज में हार का सामना किया है तो दबाव का चरम पर होना आम बात है।

हालांकि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कोंस्टास को भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में अपने डेब्यू के दौरान युवावस्था की मासूमियत को बरकरार रखने के लिए प्रोत्साहित किया है।

कमिंस इतनी सहजता के साथ इतनी कारगर बात को इसलिए कह पा रहे हैं, क्योंकि उन्होंने खुद इस दबाव का सामना किया था। और उस अनुभव के साथ एक युवा को अपनी मासूमियत और साहस को बरकरार रखने की बात की जा रही है।

कमिंस ने 2011 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ.18 साल की उम्र में डेब्यू किया था। उस वक्त वह ऐसा करते हुए, ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे युवा टेस्ट क्रिकेटर बने थे। सिर्फ.तीन प्रथम श्रेणी मैचों के बाद ही उन्हें अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेटर का तमगा दे दिया गया था उन्हें जोहान्सबर्ग में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। उस मैच में उन्होंने 79 रन देकर छह विकेट लिए थे और विजयी रन भी बनाए थे।

अंडर-19 विश्व कप : ग्वालियर की वैष्णवी शर्मा ने टीम में चयनित होते ही बनाया शानदार रिकॉर्ड

ग्वालियर । आगामी महिला विश्व कप के लिए भारत की अंडर-19 टीम में ग्वालियर की क्रिकेटर वैष्णवी शर्मा का नाम चचाओं में है। ग्वालियर चंबल की वैष्णवी को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है जिसका नेतृत्व निकी प्रसाद करेंगी।

वैष्णवी शर्मा के चयन से ग्वालियर में खुशी का माहौल है। यह पहली बार है जब ग्वालियर चंबल की कोई महिला क्रिकेटर विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। यह प्रतियोगिता जनवरी 2025 में मलेशिया में होगी।

5 साल की उम्र से क्रिकेट की प्रैक्टिस कर रहीं वैष्णवी गेंदबाजी करती हैं और बल्लेबाजी में भी भरोसेमंद हैं। यह बाएं हाथ की फिरकी गेंदबाज ग्वालियर की तानसेन क्रिकेट अकादमी से ट्रेनिंग ले रही हैं। वैष्णवी इससे पहले मध्य प्रदेश की अंडर-16 टीम का भी हिस्सा रह चुकी हैं। इसके बाद उन्होंने अपने राज्य की सीनियर टीम का भी प्रतिनिधित्व किया।

वैष्णवी मध्य प्रदेश की अंडर-19 टीम की कमान भी संभाल चुकी हैं।

चंबल से मलेशिया तक के उनके सफर में माता-पिता का अहम योगदान रहा जिन्होंने बेटी को चार साल की उम्र से ही क्रिकेट की दुनिया को समझने के लिए प्रेरित किया।

उस एक दिन सब कुछ ठीक रहा, बोलैंड ने मेलबर्न में अपने सपनों के डेब्यू को याद किया

मेलबर्न । मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में बॉक्सिंग डे टेस्ट खेलने की कगार पर, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने प्रतिष्ठित स्थल पर अपने डेब्यू पर लिए गए छह विकेटों को याद करते हुए कहा कि यह एक ऐसा दिन था जब सब कुछ पूरी तरह से सही रहा।

2021 के बॉक्सिंग डे टेस्ट में, बोलैंड ने 6-7 की तूफानी गेंदबाजी की, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पारी और 14 रनों से हराकर मैच जीत लिया और एशेज बरकरार रखी। यह मजेदार है। जब मैं बड़ा हो रहा था, तब से मैं बस टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता था, और फिर मैं लंच के समय बाहर जा रहा था, और मैं ऐसा था, 'हे भगवान, मुझे खुशी है कि यह हो गया'।

बोलैंड ने बुधवार को सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, मुझे लगा कि उस दिन यह थोड़ा थका देने वाला होगा। मैं अभी भी इस पर विश्वास नहीं कर सकता, सच में। मैंने सिर्फ.24 गेंदें फेंकी या कुछ ऐसा ही। मुझे लगता है कि यह उन सभी वर्षों का नतीजा था जब मैंने विक्टोरिया के लिए ऐसे विकेटों पर खेला जो मेरे पक्ष में नहीं थे। यह सब एक दिन में ही हो गया। जहां उन्होंने कुल पांच विकेट लिए थे और ऑस्ट्रेलिया ने दस विकेट से जीत दर्ज की थी।

जोश हेजलवुड के पिंडली में चोट लगने के बाद बोलैंड ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन में शामिल हुए हैं। उन्होंने इससे पहले भारत के खिलाफ एडिलेड टेस्ट खेला था

मैं हर मैच खेलना पसंद करूंगा। लेकिन मैं टीम में अपनी स्थिति से सहज हूं। मुझे पता है कि मेरे सामने ऑस्ट्रेलिया के अब तक के सबसे बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से तीन हैं। टेस्ट क्रिकेट आपके शरीर के लिए कठिन होता है। मुझे लगता है कि हमेशा कुछ स्वाभाविक बदलाव होते रहते हैं, क्योंकि लोग थोड़ा बहुत चोटिल हो जाते हैं या बहुत ज्यादा गेंदबाजी करने की वजह से थोड़ा दर्द महसूस करते हैं।उन्होंने कहा, पिछले साल कुछ हद तक एकतरफा रहा, जब उन तीनों ने लगातार सात टेस्ट मैच बिना किसी नुकसान के खेले। इससे पता चलता है कि वे कितने अच्छे हैं। वे टीमों को इतनी जल्दी आउट करके खुद को अतिरिक्त दिन दे रहे थे।

नगर विधायक संजीव शर्मा के नेतृत्व में पूर्व पीएम अटलजी की 100वीं जयंती मनाई

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती वर्षगांठ को शताब्दी वर्ष के रूप में मनाते हुए गाजियाबाद नगर विधायक संजीव शर्मा के नेतृत्व में सभी मंडलों में सुशासन दिवस के अवसर पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए उन्हें याद किया गया। भाजपा के नेहरू नगर स्थित कार्यालय पर सभी वरिष्ठ भाजपाइयों ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि की और अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस अवसर पर सभी भाजपाइयों ने उनके आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉ रमेश चंद तोमर ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को देश की जनता एवं हम सभी भाजपाई युगों युगों तक याद रखेंगे। उन्होंने संस्मरण बताते हुए कहा कि मेरे लिए वह सदा पथ प्रदर्शक के रूप में अग्रणी रहे हैं।

उन्होंने अथक परिश्रम से एक विशाल संगठन खड़ा किया है। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा ने कहा कि अटल जी एक राजनेता ही नहीं बल्कि प्रखर वक्ता और कवि भी थे। पूर्व महानगर संयोजक सरदार एसपी सिंह ने कहा अटल बिहारी वाजपेई जनसंघ और भाजपा के संस्थापक रहे। उन्होंने अपने अथक परिश्रम से एक विशाल संगठन खड़ा किया। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया अटल बिहारी वाजपेई ने गांव, गरीब, किसान, पिछड़ा सभी को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किये. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांवों को मुख्यधारा से जोड़ा. स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, सर्वशिक्षा अभियान, पोखरण परीक्षण जैसे अनेक कल्याणकारी और ऐतिहासिक कार्य से नयी पीढ़ी को परिचित कराने के लिए भाजपा शताब्दी वर्ष में कार्यक्रम करेगी। भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में 25 दिसंबर के दिन महानगर के सभी बूथों पर तथा मंडल पर अटल जी के चित्र पर कार्यकर्ता पुष्पांजलि करते हुए उन्हें याद कर रहे हैं। सुशासन दिवस के रूप में संगोष्ठी का आयोजन और अटल जी के साथ कार्य करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से उनके अनुभव को साझा करने का काम किया जा रहा है। मंडलों में अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है।

भाजपा महानगर कार्यालय पर पुष्पांजलि के दौरान डॉ. रमेश चंद्र तोमर, अमर दत्त शर्मा, राजा वर्मा, वीरेश्वर त्यागी, सरदार एसपी सिंह, अजय शर्मा, प्रदीप चौधरी, कामेश्वर त्यागी रॉबिन तोमर, सुभाष शर्मा, संदीप प्रसाद, तेन सिंह, गिरीश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

सम्मान

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मुरादनगर में भारत रत्न पं. मदन मोहन मालवीय एवं भारत रत्न पं. अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती अवसर पर प्रतिभा सम्मान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा का अभिनंदन हुआ। इस दौरान पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी का अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा मुरादनगर के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया।

जब अवैध कब्जा धारक ने पार्षद राजीव से पूछा आप कौन श्रीमान

ये मेयर का जज्बा ही कहा जायेगा कि खुद मौके पर अड़ कर उन्होने अवैध कब्जा हटवाया। कमल वाले ही बता रहे हैं कि कमाल ये है कि डेढ़ दशक से यहां कब्जा था और किसी को पता ही नही चला। वो तो जब तीर के निशान वालों ने दफ्तरी जमीन को सरेंडर किया और फाईल दाखिल दफ्तर हुई तो पूरी कहानी का पता चला। बताने वाले ने बताया कि जो काम संभल वाले बर्क कर रहे थे वो ही काम यहां भी हो रहा था। एक बार बिजली कनेक्शन चेक कर लेते तो पता चल जाता। कटिया भी अवैध और खटिया भी अवैध। हद तो तब हो गई जब अवैध कब्जा करने वालों ने क्षेत्र के पार्षद से ही उनका परिचय पूछ लिया। कमाल ये कि पार्षद ने जब परिचय दे दिया तो उनका अदांज ये था कि सो व्हाट मतलब ये कि हम क्या करें। फिर इसके बाद जो करा वो निगम के बुलडोजर ने करा। बताने वाले बता रहे हैं कि ठेली वालों की सुविधा बंद हो गई वरना वो 1500 रूपये ठेली के हिसाब से खड़ी कर ही रहे थे। पार्किंग की सुविधा भी डेली और मथंली बेस पर थी। एक दिन के 100 और महीने के तीन हजार का रेट तय था। बीच शहर में इतना बड़ा अवैध कब्जा बस मेयर पार्षद के जज्बे से ही हटाया जा सका है।

हम देखेंगे पहले सिचुएशन फिर जायेगें कहने उन्हे कांग्रेचुलेशन

फ्लावर गढ़ में लोकसभा चुनाव में ही सियासत का सीन बड़ी तेजी से बदला है और जितनी तेजी से सीन बदला तो उतनी ही तेजी से सियासत वाले भी बदल गये। वो सुदूर प्रदेश के महामहिम बने हैं और खुशी गाजियाबाद वालों ने सबसे ज्यादा जताई। किसी ने तंजिया लहजे में कह भी दिया कि गर्वनर वो मिजोरम के बने हैं भाई गाजियाबाद के नही बने हैं। बहरहाल आज वो आ रहे हैं और निगाहे उनसे ज्यादा उनसे मिलने वालों पर रहेंगी। इस बधाई की बेला में वो भी हैं जिन्हे ये फील हो गया है कि ज्यादा उधर जाने के चक्कर में इधर खेला ना हो जाये। कभी वहां जय हिन्द करने वाले ने साफ कह दिया कि ऐसा है कि हम तो पहले सिचुएशन देखेंगे फिर कांग्रेचुलेशन के लिये जायेगें।

उसका नाम आते ही क्यों लग जाती है उस मौहल्ले में वाटर में आग

मौहल्ले वाले बताते हैं कि उन्हे एक मौका मिला और उन्होने जम कर चौके लगाये। फिर सीट ही रिजर्व हो गई तो उन्होने दूसरे मौहल्ले में भी चक्कर लगाये। मगर सारे पैतरें काम नही आये। अब जब मौहल्ले में उपचुनाव हुया तो वो कैंडीडेट के साथ सबसे आगे आगे। सुना है इसी बात को लेकर कई बार सीन नाराजगी का भी हो गया। लेकिन मौहल्ले में ही ये हल्ले हैं कि पता नही क्यों उनका नाम आते ही वाटर में आग लग जाती है। मौहल्ले वाले ने कहा कि एक बात हो तो बतायें भी और आपको अब क्या क्या बतायें। कहने वाले ने कहा कि अब उन्हे लग रहा है कि वार्ड की चाबी उनके पास है तो वो गलतफहमी में ना रहें। यहां फूल वाले ने ही कहा कि सबका अपना अपना अदांज होता है और इसमें इतना नाराज होने की क्या बात है। मौहल्ले में चुनाव तो उन्होने फूल को ही लड़वाया है।

पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई

नगर विधायक संजीव शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने पुष्प अर्पित किए

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा के लोकप्रिय महानगर अध्यक्ष एवं विधायक संजीव शर्मा के नेतृत्व में महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान पार्षद ओमवती देवी द्वारा श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की 100वीं जयंती के अवसर पर वार्ड 78 शालीमार गार्डन शहीद स्थल पर पुष्प और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर मनाई गई। महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने बताया श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के एक प्रमुख नेता होने के साथ साथ कवि भी थे। वह भारत के प्रधानमंत्री रहे और 1998-2004 तक इस पद पर कार्यरत रहे। वाजपेयी ने भारत के परमाणु परीक्षण को पुनः शुरू किया और आर्थिक सुधारों को बढ़ावा दिया। उनके योगदान से भारतीय राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों मे महत्वपूर्ण बदलाव आया। उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। आज इस अवसर पर सोशल वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष डी एन कौल, हरीश गौड, भूषण लाल, प्रतीक माथुर, प्रेम त्यागी, हरविंदर प्रधान, संजय रावत, संदीप चौधरी, केशव सक्सेना, सोनू शर्मा, गोपाल मित्तल, नीरज गुप्ता, मदन शर्मा, भूपेंद्र गोस्वामी, सुनील शर्मा, जितेंद्र कुमार, एसपी तिवारी, नितिन बंसल, राकेश तोमर, लेखराज छाबड़ी, सुमन, सती, निशा चौहान, अनीता राणा, मुनेश कसाना, अंजू घनशाला, रूपा मुखर्जी, सीमा सिंह, आशा पवार आदि उपस्थित रहे।

नमो भारत ट्रेनों में अब तक 50 लाख से अधिक यात्रियों ने की यात्रा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर परिचालन शुरू होने से अब तक 50 लाख से अधिक यात्री नमो भारत ट्रेनों में विश्वस्तरीय आरामदायक तीव्र यात्रा का लुत्फ उठा चुके हैं। नमो भारत ट्रेन एक बेहतरीन और पसंदीदा सार्वजनिक परिवहन माध्यम के रूप में उपयोग की जा रही है। दिल्ली-गाजियाबाद -मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के 17 किमी लंबे प्राथमिक खंड (साहिबाबाद-दुहाई डिपो) का उदघाटन 23 अक्तूबर 2023 को प्रधानमंत्री द्वारा साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर किया गया था। इसके बाद 6 मार्च 2024 को दुहाई से मोदी नगर नॉर्थ तक अतिरिक्त 17 किमी लंबे खंड पर नमो भारत ट्रेन सेवाएँ विस्तारित की गयीं। इसी कड़ी में 18 अगस्त 2024 को मोदी नगर नॉर्थ से मेरठ साउथ आरआरटीएस स्टेशन तक 8 किमी के अतिरिक्त हिस्से को परिचालित खंड से जोड़ा गया।

एनसीआरटीसी ने हाल ही में यात्रियों की सुविधा के लिए किराए पर 10 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाने के लिए लॉयल्टी पॉइंट्स प्रोग्राम भी शुरू किया है, जिसके तहत यात्री आरआरटीएस कनेक्ट ऐप के माध्यम से क्यूआर कोड बेस्ड टिकट खरीदकर लॉयल्टी पॉइंट्स हासिल कर सकते हैं।

अटल बिहारी वाजपाई की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

हापुड़ (करंट क्राइम)। अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे थे। अंतिम दिन कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम फोटो पर फूलों की माला चढ़ाकर नमन किया। अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करें वहीं इस दौरान लोक भवन लखनऊ में आयोजित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को देखा गया। वक्ताओं ने संबोधन करते हुए कहा कि हमें अपने अधिकारों और दायित्वों के प्रति जागरूक होते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। सप्ताह भर चलाई गई प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को मुख्य अतिथि एमएलसी श्रीचंद शर्मा, डीएम प्रेरणा शर्मा, सीडीओ हिमांशु गौतम द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र देते हुए सम्मानित किया। इस दौरान आर्य कन्या पाठशाला की छात्रा द्वारा डीएम, सीडीओ और एडीएम को पौधा देकर स्वागत किया गया।

बढ़ रही है चर्चा किसको मिलेगा कमिश्नरेट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में लंबे समय से एक आईपीएस स्तर के अधिकारी की कुर्सी खाली चल रही है। लंबे समय से यहां वेट हो रहा है कोई आए और कार्यभार संभाले। बीते दिनों उत्तर प्रदेश में आईपीएस अधिकारियों की तबादला लिस्ट जारी की गई थी। इसमें संभावना थी कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए इसमें कोई स्थान बनेगा लेकिन लिस्ट में गाजियाबाद के कोई तार नहीं जुड़ पाए। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चा बढ़ गई है कि क्या अब गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को नया आईपीएस एडिशनल सीपी स्तर नए साल में ही मिलेगा। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि अब कुछ दिन बाद ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम को नया एडिशनल सीपी स्तर का अधिकारी मिलेगा। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट में वर्तमान में एक और एडिशनल सीपी हैं लेकिन उनको बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी जा रही है। इसके पीछे की वजह साफ नहीं है, पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में वर्तमान में एडिशनल सीपी वाली जिम्मेदारी सिटी वाले साहब ने संभाली हुई है। बीते कुछ दिनों से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में एसीपी स्तर के अधिकारी लगातार दिसंबर वाली छुट्टी खत्म करने में लगे हुए हैं। तो दो सर्किल में टेंपरेरी एसीपी साहब लोग चार्ज संभाल रहे हैं। वह ड्यूटी तो दमदार तरीके से दे रहे हैं, पर सिटी के सबसे खास सर्किल को लेकर वो अटेंशन नही दिख रहे हैं, जो रहती है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि गाजियाबाद में एडिशनल ससीपी कौन आएगा, इसपर अब अधिकारियों से लेकर सिस्टम की नजर बनी हुई है। उधर लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं कि गुरुवार यानी आज 26 दिसंबर को आईपीएस की डीपीसी हो जाएगी। कहा जा रहा है कि इसके बाद उपयुक्त नाम को गाजियाबाद भेजा जा सकता है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि जनवरी का पहले सप्ताह या दिसंबर के अंतिम तीन दिनों के भीतर पोस्टिंग वाला आदेश जारी हो सकता है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों की माने तो अभी एसीपी स्तर के अधिकारियों को बागडोर देने के लिए थोड़ी मंत्रणा चल रही है। देखना होगा कि किस एसीपी को सर्किल मिलता है। किसको सर्किल से साइड किया जाता है और किसको साइड लाइन से लाइन पर चढ़ाया जाता है। कुल मिलाकर आने वाली आईपीएस से लेकर एसीपी स्तर की लिस्ट से कई तरीके से संदेश साफ नजर आएंगे।

अटल बिहारी वाजपेयी एवं पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई

साहिबाबाद, करंट क्राइम। सुनील कुमार शर्मा, विधायक साहिबाबाद एवं कैबिनेट मंत्री के कार्यालय पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक महान शिक्षाविद् महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी हरिचंद शर्मा ने दोनों महान विभूतियों के जीवन और उनके अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित उत्कृष्ट राजनीतिक मूल्यों और पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा शिक्षा एवं समाज सुधार के क्षेत्र में किए गए महान कार्यों को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कुलदीप कसाना पूर्व मंडल अध्यक्ष, आलोक शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष, राजकुमार चंदेल, पवन रेडी, अशोक भाटी, उदयवीर सिंह, वीरेंद्र मिश्रा, विनीत भारद्वाज, सच्चिदानंद साधु, कैलाश यादव, महेश उपाध्याय, अमर यादव, संदीप शर्मा, कुलदीप गोस्वामी, स्वरूप पांडे सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया और इन महान विभूतियों के विचारों को समाज में आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

जयंती

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाते हुए महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र भड़ाना, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष भागवत, पार्षद हिमांशु शर्मा, नितिन बंसल, श्यामवीर, पंकज तिवारी, विनोद मिश्रा, दिनेश खटाना, सुरेश कसाना, नवीन, भूपेंद्र, निहाल, नितेश, शुक्ला, अनिल कुमार आदि।

पेंशनर्स एसोसिएशन की आम सभा हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

मुख्य कोषाधिकारी ने समस्याओं के निदान का दिलाया भरोसा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। यू.पी. गवर्नमेंट पेंशनर्स एसोसिएशन (रजि.) गाजियाबाद द्वारा 41वां पेंशनर्स दिवस - आम सभा मंगलवार को आई.एम.ए. भवन, राजनगर, गाजियाबाद के सभागार में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सभा की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश गुप्ता एवं कार्यक्रम का संचालन राम प्रकाश सारस्वत, महासचिव द्वारा किया गया। सभा की मुख्य अतिथि पुष्पांजलि, मुख्य कोषाधिकारी, गाजियाबाद, अति विशिष्ट अतिथि ए.के.कौशिक, संयोजक संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति एवं विशिष्ट अतिथि देवव्रत चौधरी जिलाध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, आर.ए. गोयल एवं जगदीश सिंह संरक्षक, हरीप्रकाश, राष्ट्रीय वित्त सचिव मंचासीन रहे। सभागार में लगभग 150 सदस्यों ने उपस्थित होकर समारोह में सहभागिता की। रामप्रकाश सारस्वत, महासचिव ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सभा के खुले सत्र में पेंशन सलाहकार समिति का गठन तथा नियमित वार्ता की मांग की गई। अति विशिष्ट अतिथि ए.के.कौशिक द्वारा मांगपत्र के अनेक बिंदुओं पर अपनी सहमति के साथ तार्किक ध्यानाकर्षण किया और पेंशनर्स के हितों से सम्बंधित शासनादेशों के परिपालन हेतु विशेष आग्रह किया गया। सभा को निहालसिंह, के.के.गुप्ता, डॉ० आर.एस. सोलंकी, एम.एल.शर्मा, विक्रम सिंह बाल्यान, सुरेन्द्र कुमार गोयल, रवेन्द्र कुमार एवं हरीप्रकाश द्वारा अपने-अपने सम्बोधन में कार्यकारिणी द्वारा कराए जा रहे कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस कार्यक्रम के आयोजन एवं सम्पादन में एम.एस. गोयल, एन. के.शर्मा, नीरज कुमार, डॉ. ललित कुमार गुप्ता, रामसिंह राजपूत सहित अन्य सदस्यों के सक्रिय सहयोग के प्रति एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण किया

गाजियाबाद, करंट क्राइम। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, गाजियाबाद ने समाज सेवा की अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुराग शर्मा, प्रभारी, कोतवाली घंटाघर, जनपद गाजियाबाद ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लगभग 1000 व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान, जिला अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा, 'अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल लंबे समय से समाज सेवा की दिशा में प्रतिबद्ध है।'

अन्य विशिष्ट अतिथियों में दीपक गर्ग, राजेश बंसल, संजय गुप्ता, अनिल गर्ग, अमन सिसोदिया, नरेन्द्र कुमार बिल्लू, प्रेम प्रकाश चीनी, मोहित गुप्ता, विनोद अग्रवाल, सुंदरलाल, नरेश ठाकुर और जगमोहन जॉन, संजय बिंदल, पिंकू सिंह, राजेंद्र कुमार राजू, सुनील कुमार एडवोकेट, अनिल गुप्ता, मोहम्मद गालिब, महेंद्र कुमार, सोनू सैनी उपस्थित रहे।

सोशल अवेयरनेस सोसायटी ने लगाया आयुष्मान कार्ड कैंप

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भारत रत्न व देश के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर सोशल अवेयरनेस सोसायटी द्वारा 70+ वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज योगिनी ब्रह्माकुमारी सुतीश दीदी, आर्य समाज राजनगर के संरक्षक श्रद्धानंद शर्मा, राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष डी के गोयल, सचिव अमरीश त्यागी, पूर्व अध्यक्ष दीपक कांत गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष आर के जैन, भाजपा नेता नीरज त्यागी, पंडित डी डी शर्मा, पंडित आर सी शर्मा, डॉक्टर अनिल बैसला, अजय राघव, नवीन पंडित, भाजपा नेता मनीष मित्तल, श्रीचंद चौहान, संजीव गुप्ता, जुगनू ठाकुर, मंडल मोर्चा अध्यक्ष आर एन राम, एस सी अग्रवाल, बृजमोहन सिंघल, योगेंद्र चौधरी, आर पी सिंह, ईश्वर गुप्ता, किशोर कुमार, जे पी राणा, गोल्डी सहगल एडवोकेट रेनू भारती, नरेश कुमार शर्मा, ललित कुमार कटारिया, मनोज सिंह, एच एस गुप्ता, भारत भूषण शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अफगानिस्तान पर पाकिस्तान का हवाई हमला

15 लोगों की मौत, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

काबुल । अफगानिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां पक्तिका प्रांत के बरमल जिले में पाकिस्तान के हवाई हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 15 लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान का यह हमला 24 दिसंबर की रात को हुआ, जिसमें सात गांवों को निशाना बनाया गया। इस हमले में शिकार बनाए गए गावों में लामन गांव भी शामिल है जहां एक ही परिवार के पांच सदस्य मारे गए। रिपोर्ट्स के अनुसार इस हमले को पाकिस्तानी जेट्स ने अंजाम दिया है।

बता दें कि हालांकि पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर इस हवाई हमले की पुष्टि नहीं की है लेकिन सुरक्षा सूत्रों का कहना है कि यह हमला अफगानिस्तान में तालिबान के ठिकानों पर किया गया था। बताया जा रहा है कि इस हमले में मारे गए लोगों की संख्या बढ़ने की भी संभावना है।

बरमल गांव में मची भारी तबाही

जानकारी के अनुसार इस हमले के कारण बरमल के मुर्ग बाजार गांव में भारी तबाही हुई है, जिससे मानवीय संकट और बढ़ गया है। मामले में स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि इस हमले में बड़ी संख्या में नागरिक घायल हुए हैं और क्षेत्र में नुकसान हुआ है। तलाशी अभियान जारी है और मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है। तालिबान रक्षा मंत्रालय का बयान इस मामले में तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने इन हमलों की कड़ी निंदा की है। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह उनका वैध अधिकार है अपनी भूमि और संप्रभुता की रक्षा करना।

इसके साथ ही मंत्रालय ने दावा किया कि इस हमले में वजीरिस्तानी शरणार्थी भी मारे गए हैं।

बात अब हमले के कारण की करें तो यह हमला पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुई है। खासकर पाकिस्तान में तालिबान के आतंकवादियों की मौजूदगी को लेकर। मामले में पाकिस्तान आरोप लगाता है कि अफगानिस्तान में तालिबान इन आतंकवादियों को पनाह दे रहा है।

अंतरिक्ष में मिला विशाल जलाशय

पृथ्वी के महासागरों से 140 खरब गुना बड़ा

नई दिल्ली । अंतरिक्ष में एक विशाल जलाशय मिला है, इसका आकार पृथ्वी पर मौजूद महासागरों से 140 खरब गुना बड़ा है। यह एक सुपरमैसिव ब्लैक होल के पास स्थित है, जो कि हमारे सूर्य से लगभग 20 अरब गुना बड़ा है। कैलिफोर्निया के पासाडेना में नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी की एक टीम ने इसका पता लगाया है। वैज्ञानिकों का तर्क वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह ब्रह्मांड में 12 अरब प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। अनुमान है कि ये पानी ब्रह्मांड की शुरूआत के कुछ ही समय बाद से यहां मौजूद है। इसके आसपास एक आकाशीय पिंड (क्वासर) है, जो हजारों खरब सूर्य जितनी ऊर्जा छोड़ता है। खगोलविदों के अनुसार, यह ब्रह्मांड में अब तक पहचाने गए सबसे दूरस्थ व बड़े जल भंडार का घर है। एजेंसी



क्वासर के आसपास पानी की खोज खगोलविदों ने इस विशेष क्वासर के आसपास के वातावरण में जल वाष्प की खोज की। वाष्प सैकड़ों प्रकाश-वर्ष तक फैली हुई है। इसमें से एक प्रकाश-वर्ष लगभग छह खरब मील के बराबर है

हालांकि, पृथ्वी के मानकों से गैस पतली है, लेकिन यह हमारी आकाशगंगा के समान क्षेत्रों की तुलना में असामान्य रूप से गर्म व घनी है।

देश के अंतरिम विदेश मंत्री का संकल्प नए सीरिया में सब रहेंगे महफूज

दमिश्क । सीरिया के अंतरिम प्रशासन द्वारा नव नियुक्त विदेश मंत्री असद अल-शैबानी ने लोगों की सेवा करने और समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व करने को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया और कहा कि देश अपनी क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भूमिका को पुनः प्राप्त करेगा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट में अल-शैबानी ने इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों के अधिकारों और हितों की रक्षा करना, साथ ही सभी जातीय और सामाजिक समूहों का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना, सीरिया के भविष्य का मार्गदर्शन करने वाला कंपास होगा।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने कहा कि नए सीरिया में, हर कोई महसूस करेगा कि वह वहां का निवासी है। राज्य का उद्देश्य पिछले संघर्षों के कारण विस्थापित हुए लोगों के लिए सम्मान, स्वतंत्रता और घर वापसी की गारंटी देना है। सीरियाई लोगों के संघर्षों की चर्चा

अल-शैबानी ने की। उन्होंने कहा, उन पीड़ितों के प्रति हमारी एकमात्र श्रद्धांजलि यह सुनिश्चित करना है कि ऐसे अत्याचार फिर कभी न हों तथा अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए।

अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में सीरिया की स्थिति के बारे में अल-शैबानी ने कहा कि वह ईमानदारी और मजबूती के साथ देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उन्होंने उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए अंतरिम सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने सीरियाई युवाओं से देश के पुनर्निर्माण में योगदान देने और इसे नवाचार और प्रगति की ओर ले जाने की भी अपील की।

उन्होंने कहा, हमें वर्तमान को आकार देने और भविष्य की रूपरेखा तैयार करने के लिए सभी सीरियाई युवाओं के प्रयासों की आवश्यकता है।

एक्स पर एक अन्य पोस्ट में, अल-शैबानी ने ईरान को सीरिया में अराजकता फैलाने के खिलाफ चेतावनी दी और सीरियाई लोगों की इच्छा का सम्मान करने की भी अपील की। ईरान लंबे समय से सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद का प्रमुख सहयोगी रहा है।

कजाखस्तान में 67 लोगों को ले जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त

30 से ज्यादा लोगों की मौत, 28 को बचाया गया

नई दिल्ली । कजाखस्तान के अक्तौ हवाई अड्डे के पास एक विमान हादसे का शिकार हो गया है। विमान में 62 यात्री और चालक दल के पांच सदस्य सवार थे। हादसे में अब तक 28 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि 30 लोगों से ज्यादा लोगों के मारे जाने की खबर है। हालांकि, मृतकों की आधिकारिक संख्या अब तक सामने नहीं आई है, लेकिन हादसे का वीडियो देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि हताहतों की संख्या काफी अधिक होगी।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, अक्तौ शहर में विमान लैंडिंग के वक्त क्रैश हो गया और आग के गोले में तब्दील हो गया। शुरूआती रिपोर्टों से पता चला है ।

कि अजरबैजान एयरलाइंस का

विमान अजरबैजान से रूस जा रहा था। इस बीच इसमें कुछ तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद विमान की ओर से अक्तौ हवाई अड्डे से आपातकालीन लैंडिंग की अनुमति मांगी गई। हालांकि, इस दौरान विमान क्रैश हो गया।

कहां के कितने यात्री?

- अजरबैजान-37
- रूस- 16
- कजाखस्तान- छह
- किर्गिस्तान- तीन
- विमान में कुछ लोग जीवित बचे

इससे पहले समाचार एजेंसी ने मध्य एशियाई देश के आपातकालीन मंत्रालय के हवाले से बताया कि विमान में कुछ लोग जीवित बचे हैं। आपातकालीन सेवाएं मौके पर मौजूद हैं। वहीं, कजाखस्तान की मीडिया ने स्वास्थ्य मंत्री अकमारल अलनाजारोवा के हवाले से बताया था कि एक बच्चे समेत 12 यात्रियों को जीवित बचा लिया गया है।

तुर्की पुलिस ने तख्तापलट करने के प्रयासों से जुड़े 32 संदिग्धों को हिरासत में लिया

इस्तांबुल । तुर्की पुलिस ने 2016 के तख्तापलट के प्रयास करने वाले लोगों को निशाना बनाकर एक अभियान चलाया, जिसमें 32 लोगों को हिरासत में लिया गया।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, मंगलवार को तुर्की के चार प्रांतों में खुफिया और आतंकवाद विरोधी इकाइयों ने इजमिर में मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय द्वारा समन्वित अभियान चलाया। इन लोगों की सरकार विरोधी गुलेन आंदोलन में सक्रियता पता चलने के बाद पुलिस ने 35 संदिग्ध लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

इन लोगों को तुर्की सरकार 15 जुलाई 2016 के तख्तापलट के प्रयास

के लिए जिम्मेदार मानती है। जांच में यह भी पता चला कि ये लोग संदिग्ध समूह को पुनर्गठित करने और वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए नए तरीके तलाश रहे थे। तुर्की के राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक टीआरटी ने बताया कि पुलिस टीमों ने संदिग्धों की गतिविधियों का पता लगाने के लिए छह महीने तक निगरानी की है।

अभी बचे तीन लोगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

बता दें कि तुर्की में 2016 में मुस्लिम धर्मगुरु फतुल्लाह गुलेन के नेतृत्व में शुरू हुए इस आंदोलन पर तुर्की सरकार ने तख्तापलट के प्रयास का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया है। इस आंदोलन में 250 से अधिक लोग मारे गए थे। गुलेन का सितंबर में संयुक्त राज्य अमेरिका में निधन हो गया था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इससे पहले मंगलवार को तुर्की पुलिस ने चार प्रांतों में एक अभियान चलाकर इस्लामिक स्टेट (आईएस) के लिए फंड इकट्ठा करने के आरोप में 16 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया था।

गाजा युद्ध विराम पर 'सार्थक' वार्ता कर लौट

यरूशलम । इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने युद्ध विराम वार्ता के लिए कतर गई विशेषज्ञों की टीम के बारे में जानकारी देते हुए

बताया कि गाजा संघर्ष विराम वार्ता में शामिल इजरायल की वार्ता टीम सार्थक वार्ता के बाद आंतरिक परामर्श के लिए कतर से वापस इजरायल लौटने वाली हैपीएम कार्यालय ने कहा कि टीम में मोसाद, शिन बेट सुरक्षा एजेंसी और इजरायली डिफेंस फोर्स के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

नामीबिया में तेजी से बढ़ रहे हैं मलेरिया के मामले, उत्तरी क्षेत्रों में चेतावनी जारी

विंडहोक । नामीबिया के स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा मंत्रालय (एमओएचएसएस) ने देश के उत्तरी क्षेत्रों में मलेरिया के मामलों में हुई वृद्धि के बाद अलर्ट जारी किया है।

स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा मंत्रालय (एमओएचएसएस) के कार्यकारी निदेशक बेन नांगोम्बे ने एक बयान में बताया, " 15 दिसंबर तक 2,210 मामले सामने आए और 4 नवंबर से 15 दिसंबर की अवधि के दौरान 265 गंभीर मामले सामने आए, इनमें से 9 की मौत हुई।

उन्होंने कहा, 16 जिले मलेरिया महामारी की सीमा को पार कर चुके हैं और प्रकोप का सामना कर रहे हैं।

प्रभावित जिलों में ईन्हाना शामिल है, जिसमें 661 मामले या कुल का 30

प्रतिशत हिस्सा है, इसके बाद ओकोंगो में 336 मामले (15 प्रतिशत) हैं। नांगोम्बे ने कहा कि प्रभावित अन्य जिलों में आउटापी, एंगेला, नकुरेंकुरु, ओशाकाटी और ओमुथिया शामिल हैं।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया, नांगोम्बे के अनुसार दक्षिणी अफ्रीकी राष्ट्र में दिसंबर से अप्रैल तक मौसमी मलेरिया से लोग जूझते हैं।

इसको लेकर मंत्रालय संक्रमण को कम करने के लिए इनडोर अवशिष्ट छिड़काव करता है और कीटनाशक से ट्रीट की गई मच्छरदानी प्रदान करता है। इसके साथ ही मंत्रालय ने लोगों से अपील की कि मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें और पूरी आस्तीन वाले कपड़े पहनें।

उन्होंने कहा, यह देखा गया है कि सीमा पार मवेशियों को चराने वाले मलेरिया ग्रस्त थे। उन्हें ही महामारी फैलाने वालों में से एक के रूप में पहचाना गया है।

यूएन महासचिव गुटे रेस ने ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा को दी श्रद्धांजलि, कहा- उनके नेतृत्व को याद रखा जाएगा

नई दिल्ली । संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत के ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा को श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्रिगेडियर जनरल अमित झा गोलान हाइट्स में यूएनडीओएफ के साथ कार्यरत थे। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यूएन महासचिव ने कहा कि उन्हें (ब्रिगेडियर अमिताभ झा) उनके नेतृत्व और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए हमेशा याद किया जाएगा। ब्रिगेडियर अमिताभ झा 2023 से संयुक्त राष्ट्र डिसइंगेजमेंट ऑब्जर्वर फोर्स (यूएनडीओएफ) के डिप्टी फोर्स कमांडर के तौर पर कार्यरत थे। हाल ही में सीरिया में असद सरकार के पतन के बाद उन्होंने यूएनडीओएफ के कार्यवाहक फोर्स कमांडर के रूप में भी कार्य किया। गुटेरेस ने दी ब्रिगेडियर दनरल अमिताभ झा को श्रद्धांजलि यूएन महासचिव गुटेरेस के प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर कहा, उन्हें उनके नेतृत्व और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए याद किया जाएगा। इसमें

2005 से 2006 तक सैन्य पर्यवेक्षक के रूप में कांगो में संयुक्त राष्ट्र संगठन स्थिरीकरण मिशन (मोनुस्को) भी शामिल है। महासचिव ने ब्रिगेडियर अमिताभ झा के परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की है भारतीय सेना ने भी दी श्रद्धांजलि

इससे पहले भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ब्रिगेडियर झास के श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पोस्ट में कहा, जनरल उपेंद्र द्विवेदी सीओएएस और भारतीय सेना के सभी रैंकों ने चिकित्सा कारणों से ब्रिगेडियर झा के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। पोस्ट में आगे कहा गया, भारतीय सेना ब्रिगेडियर झा के परिवार के साथ खड़ी है। बता दें कि ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा 14 अप्रैल 2023 को यूएनडीओएफ मिशन में शामिल हुए थ। वे एक इंफैंट्री अधिकारी थे और यूएनडीओएफ में तैनाती से पहले उन्होंने भारत के हिमाच्छादित पर्वतीय इलाकों में एक ब्रिगेड और कमांडिंग ऑफिसर के रूप में एक विशेष इकाई की कमान संभाली थी।

बशर अल-असद के बाद सीरिया में अल्पसंख्यकों का पहला बड़ा त्योहार, जानें क्रिसमस के बीच कैसा है माहौल

दमिश्क । सीरिया के राष्ट्रपति रहे बशर अल-असद के भागने के बाद अब देश में हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेतृत्व में नई सरकार के गठन की कवायद तेज हो गई है। हालांकि, इस बीच देश में अल्पसंख्यकों खासकर ईसाइयों के लिए सबसे अहम त्योहारों में से एक क्रिसमस आ चुका है। जहां एक तरफ लोगों में इस त्योहार को मनाने से पहले इस्लामी चरमपंथियों को लेकर डर बैठा था, वहीं विद्रोही गुट के नेता अहमद अल-शरा की तरफ से सभी धर्मों के लोगों को उनके धर्म के पालन में छूट के एलान के बाद अब देश में क्रिसमस को लेकर ईसाई समुदाय में उत्साह दिखा है। क्या बोले सीरिया में बसे ईसाई सारा लतीफा नाम की एक महिला ने बताया कि पहले उन्हें डर था कि बशर अल-असद से सत्ता छिनने और विद्रोही इस्लामी गुटों के शासन के आने के बाद क्रिसमस कैसे

मनाया जाएगा। हालांकि, दमिश्क के ऐतिहासिक केंद्र में ही एक चर्च में मंगलवार को बिना किसी रोकटोक के जुटी भीड़ ने उनके इस डर को कुछ कम किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में यह बिल्कुल भी आसान नहीं था कि इतने लोग क्रिसमस से ठीक पहले राजधानी में ही जुट जाएं। हालांकि, करीब 500 लोग के एक साथ आने के बाद हम राहत की सांस ले रहे हैं।

मंगलवार को ही इस सिलसिले में दमिश्क के एक और इलाके में ईसाइयों के एक समूह ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। उनका यह प्रदर्शन सीरिया के मध्य में एक क्रिसमस ट्री को जलाने

इस्लामी चरमपंथियों को लेकर अभी भी बैठा है डर

अल्पसंख्यक समुदाय के एक बड़े वर्ग में अब भी इस्लामी विद्रोहियों के शासन को लेकर डर का एक भाव है। सीरिया में कुछ लाख की संख्या में रहने वाले ईसाई समुदाय के लोगों का मानना है कि देश के नए नेतृत्व ने उनके भय को कम करने के लिए किए गए वादों पर बहुत कम काम किया है

की घटना के बाद आया। इससे जुड़े एक वीडियो में अपना चेहरा छिपाए कुछ लड़ाकों को हमा के ईसाई बहुल सुकायलाबिया में क्रिसमस ट्री को आग लगाते भी देखा गया है।

सीरिया में गृहयुद्ध की निगरानी करने वाले सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के मुताबिक, इस घटना के पीछे विदेश से सीरिया आए लड़ाके थे। इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। एचटीएस के एक स्थानीय धार्मिक नेता ने लड़ाकों की इस हरकत की निंदा की है।

दमिश्क के करीब ही बाब ईसाई बहुलता वाले तोउमा शहर में भी क्रिसमस के माहौल के बीच दुकानों में सजावट देखी गई। यहां क्रिसमस का प्रतीक माना जाने वाला पेड़ भी लगाया गया है।

हालांकि, लोगों का कहना है कि सीरिया में लगातार बदलती स्थिति को लेकर उनमें अभी भी डर है। यहां एक कैफे के मालिक यामेन बसमार ने कहा कि कई लोग उनके पास आकर पूछते हैं ।

कि क्या वह शराब बेचते हैं या समारोह का आयोजन करते हैं। असल में जमीन पर कुछ नहीं बदला है। लेकिन नए शासन को लेकर कम जानकारी और इससे पनपे डर की वजह से उनकी बिक्री में 50 फीसदी तक की गिरावट आई है।

पूर्व पीएम स्व. अटल विहारी वाजपेयी की जयंती पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पीएम स्व. अटल विहारी वाजपेयी की जयंती पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक पेड़ मां के नाम लगाकर मंत्री नरेंद्र कस्यप ने उद्घाटन किया। वार्ड 10 की भाजपा पार्षद रेखा गोस्वामी,पूर्व महानगर अध्यक्ष भाजपा मान सिंह गोस्वामी ने रिवन काट कर मेडिकल कैम्प का उद्घाटन किया। यशोदा सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल कौशाम्बी द्वारा मेडिकल कैम्प लगाया गया। डॉक्टर ने लोगों को बीपी शुगर, कमर दर्द, हाथ ना उठना इसके लिए आसन बताए। खान-पान के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। वार्ड 10 डीएलएफ कॉलोनी में जरूरतमन्दों को कंबल वितरण किया गया। भाजपा पार्षद रेखा गोस्वामी ने बताया कि हर वर्ष सर्द ऋतु में जरूरतमन्दों को कम्बल वितरण किया जाता है। लगभग 500 लोगों को कम्बल वितरण किया गया, इसकी शुरुआत मंत्री नरेंद्र कस्यप ने की। वही एक पेड़ मां के नाम लगाया। इस मौके पर भाजपा पश्चिमी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नेता मानसिंह गोस्वामी, हरीश कसाना, राजन आर्या, डॉक्टर वीके शर्मा, मनोज गौड़, अनिल पाल, संजय शर्मा, रामवीर कश्यप, मंजू लाहा आदि लोग रहे मौजूद ।

क्रिसमस पर 95 आईएएस अफसरों का हुआ प्रमोशन

सात अफसर बने प्रमुख सचिव, 38 सचिव पद पर प्रमोट हुए, जल्द डीएम-कमिश्नर बदले जाएंगे

गाजियाबाद, करंट क्राइम। प्रदेश सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 95 अफसरों को क्रिसमस के अवसर पर पदोन्नति का तोहफा दिया है। आजमगढ़ के मंडलायुक्त मनीष चौहान और खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू सहित सात आईएएस अफसरों को सचिव से प्रमुख सचिव पद पर प्रमोशन किया गया है।

वहीं लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, कानपुर नगर के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह 38 आईएएस को जिलाधिकारी एवं विशेष सचिव स्तर से सचिव स्तर में प्रमोशन मिला है। 2010, 2011 और 2012 बैच के 50 आईएएस को सलेक्शन ग्रेड दी गई है। विभाग के विशेष सचिव विजय कुमार ने बुधवार को प्रमोशन का आदेश जारी किया।

जल्द होगा बड़ा बदलाव

2000 बैच के सात और 2009 बैच के 38 आईएएस के प्रमोशन के बाद अब यूपी की ब्यूरोक्रेरी में जल्द बड़ा बदलाव होगा। लखनऊ, कानपुर नगर सहित करीब एक दर्जन जिलों के जिलाधिकारी बदले जाएंगे। वहीं कुछ विभागों में प्रमुख सचिव भी बदले जाएंगे। जनवरी के अंतिम सप्ताह तक बदलाव हो सकता है।

सचिव से प्रमुख सचिव बने

2000 बैच के आईएएस अधिकारी सौरभ बाबू, मनीष चौहान, रंजन कुमार, अनुराग यादव और रणवीर प्रसाद को सचिव से प्रमुख सचिव के पद पर प्रमोट किया गया है। इनके अतिरिक्त 2000 बैच के आईएएस अधिकारी अमित गुप्ता, दीपक अग्रवाल का भी प्रमोशन किया गया है।

2009 बैच ये अफसर बने सचिव

2009 बैच के 18 आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी (विशेष सचिव) पद से सचिव पद पर प्रमोशन मिला है। लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, डॉ. रुपेश कुमार, नग विकास विभाग के निदेशक अनुज झा, माला श्रीवास्तव, नितिन बंसल, मासूम अली सरवर, विजय किरण आनंद, भानूचंद्र गोस्वामी, प्रकाश बिंदु, एस.राजलिंगम, विवेक, भूपेंद्र एस. चौधरी, वैभव श्रीवास्तव, अजीत कुमार, प्रमोद कुमार उपाध्याय, संगीता सिंह, शुभ्रा सक्सेना, अदिति सिंह और इंद्र विक्रम सिंह को प्रमोशन दिया गया है।

अटलजी की 100वीं जयंती पर पूर्व मेयर अशु वर्मा ने लगाया नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

नर सेवा - नारायण सेवा के उद्देश्य से आगे बढ़ाया 87वां कदम : अशु वर्मा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर 25 दिसंबर को मुरादनगर स्थित केएन इंटर कॉलेज में भाजपा नेता पूर्व महापौर अशु वर्मा ने 87वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर महानगर अध्यक्ष एवं सदर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि भाजपा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजेपयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाती आई है और प्रत्येक वर्ष विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी आयोजित करती है। लेकिन धरातल पर उतरकर नर सेवा नारायण सेवा को चरितार्थ करते हुए पूर्व महापौर अशु वर्मा ने अटल जयंती पर इस पुनीत कार्य निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन करके उनके आदर्श पर खुद को स्थापित करने का काम किया है । पूर्व मेयर अशु वर्मा ने शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर नर सेवा नारायण सेवा के उद्देश्य से यह उनका 87 वां सेवा कार्य शिविर है। उन्होंने अपने शिविर शुभारंभ के पुराने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि पहले कैंप तथा कुछ शुरूवाती कैम्प को लगाने में घर घर प्रचार की तरह उन्हें घर-घर पंपलेट बांटने पढ़ते थे तथा गांव में कई-कई बार मुनादी करके निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के बारे में बताकर लाभार्थियों को शिविर में आमंत्रित करना पड़ता था। इस पुनीत कार्य में वरदान सेवा संस्थान/वरदान नेत्र चिकित्सालय की समस्त टीम का अभूतपूर्व सराहनीय सहयोग मिलता है। शिविर में वरदान सेवा संस्थान के प्रबंधक विजय कुमार एवं नेत्र सर्जन के द्वारा की गई जांच के उपरांत 647 जांचकर्ताओं ने अपनी आंखों की जांच कराई तथा 183 लोगों के निशुल्क नेत्र ऑपरेशन कराए गए। कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष एवं सदर विधायक संजीव शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष अरविंद भारतीय, दिनेश प्रधान, शिव नन्दन शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, रामकिशोर, मनोज कुमार, नितिन गोयल, विपिन चौधरी, गोपाल अग्रवाल, बॉबी त्यागी, मनबीर चौधरी, प्रदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई

साहिबाबाद, करंट क्राइम। वसुंधरा सेक्टर 12 स्थित पार्षद कार्यालय में बुधवार को पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने कार्यक्रम का आयोजन कर विकास पुरुष, प्रेरणास्रोत, भारत रत्न से विभूषित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समारोह के मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जयंती मनाई। मौके पर पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने कहा कि आज अगर देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई होते तो भारत बुलंदियों के ऊपर खड़ा होता इसलिए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प सभी को लेना चाहिए और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

नमन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत, हमारे पथप्रदर्शक और पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ, यूपी के प्रदेश अध्यक्ष राजू पांचाल ने दिल्ली के राजघाट पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

बैठक

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम सभागार में बुधवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के साथ जनपद के सभी इंडस्ट्रियल एरिया के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई । बैठक में अरुण शर्मा अध्यक्ष गाजियाबाद इंडस्ट्रीज फेडरेशन मुकेश गुप्ता ,हरिओम चौहान, सत्यभूषण अग्रवाल , नंदा जी आदि उद्यमी उपस्थित रहे।

क्रिसमस पर मॉल और रेस्त्रां रहे गुलजार

गाजियाबाद, करंट क्राइम। परिवारों संग घूमने निकले लोगों ने यादगार लम्हों को किया कैद, सांता क्लॉज की ड्रेस में दिखे बच्चे गाजियाबाद, कार्यालय संवाददाता। क्रिसमस के मौके पर बुधवार को जिले की सोसाइटियों में भी जश्न मनाया गया। एक तरफ जिले के मॉल और बाजार गुलजार रहे वहीं दूसरी तरफ सिनेमाघरों और रेस्त्रां में भी काफी भीड़ रही। लोग अपने परिवारों के साथ देर रात घूमते रहे। वहीं युवाओं ने भी दोस्तों संग केक काटकर क्रिसमस पर्व मनाया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चे सांता क्लॉज की ड्रेस पहने नजर आए।

क्रिसमस पर गिरजाघरों में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। प्रभु यीशु को याद करने के बाद लोगों ने अपने परिवारजनों के साथ समय व्यतीत किया। गिरजाघरों में सुबह प्रार्थना में शामिल होने के बाद लोग मॉल में घूमने और सिनेमाघरों में फिल्म देखने के लिए निकल पड़े। ऑपुलेंट मॉल और गौड़ मॉल में क्रिसमस को लेकर खास सजावट की गई। सिनेमाघरों में सभी शो लगभग फुल रहे। ट्रांस हिंडन के मॉल भी गुलजार रहे। इस दौरान क्रिसमस ट्री के साथ फोटो खिंचवाने को लेकर भी लोग उत्साहित नजर आए।

रेस्त्रां में भी रहे गुलजार

क्रिसमस के अवसर पर रेस्त्रां और होटलों में भी काफी रौनक रही। परिवारों के साथ-साथ युवा जोड़े और दोस्तों ने जमकर पार्टी की। इस अवसर पर रेस्टोरेंट में भी खास इंतजाम किए गए।

लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने मनाई पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती

गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा ज्ञानपीठ केन्द्र 1, स्वरुप पार्क जी0 टी0 रोड साहिबाबाद के प्रांगण में बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी, कानूनविद, शिक्षाविद, भारत रत्न, धर्मनिरपेक्षता की प्रतिमूर्ति पं0 महामना, मदन मोहन मालवीय का जन्म दिवस समारोह समाजवादी विचारक राम दुलार यादव शिक्षाविद के नेतृत्व में उल्लासपूर्वक धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालचंद माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन सिंह ने, मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डा0 विशन लाल गौड़, आयोजन इंजी. धीरेन्द्र यादव ने, संचालन श्रमिक नेता अनिल मिश्र ने किया, कार्यक्रम में शामिल विद्वानों, गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर माला पहना स्मरण किया, तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेकर उनके विचार को जन-जन में पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को चन्द्रबली मौर्य, एच0 एल0 विद्यार्थी, पं. विनोद त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। हुकुम सिंह ने देश-प्रेम के गीत और राजेन्द्र सिंह ने भजन प्रस्तुत किया, महामना के सम्मान में जोरदार नारे लगाये गये।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल रहे, राम दुलार यादव, डा0 विशन लाल गौड़, अमन सिंह, वीरेन्द्र यादव एडवोकेट, सी0 पी0 सिंह, विनोद त्रिपाठी, राजेन्द्र सिंह, हुकुम सिंह, ब्रह्म प्रकाश, एस0 एन0 जायसवाल, सम्राट सिंह, मुनीव यादव, बालकरन यादव, अमर बहादुर, अखिलेश कुमार शुक्ल, देवकर्ण सिंह चौहान, चन्द्रबली मौर्य, ओम प्रकाश अरोड़ा, सतीश कुमार अग्रवाल, एच0 एल0 विद्यार्थी, अनिल मिश्र, सूरेश कुमार भारद्वाज, प्रेम चन्द पटेल, शिवम पाण्डेय, हरिकृष्ण, विकास कुमार, अंशु ठाकुर, जग्गू यादव, गुड्डू यादव, नितेश माथुर, राम प्यारे यादव आदि ने पुष्पांजलि दी।

चिन्टू जी



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Inder Jeet Singh Titu
1h

दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जी के जन्म स्थान पटना साहिब की यात्रा पर एक सुंदर दृश्य धर्मपत्नी जी के साथ
धन धन दशमेश पिता जिन्होंने इस सप्ताह में अपना पूरा परिवार कुर्बान कर दिया
देश और धर्म की रक्षा के लिए और झुके नहीं
संदेश देकर गए
हम लोगों को झुकना मत
देश और धर्म की रक्षा के लिए
कैसे एहसान उतार पाएंगे
गुरु गोविंद सिंह महाराज का

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सामाजिक राजनीतिक मुद्दों पर हमेशा एक्टिव रहने वाले सरदार इंदरजीत सिंह टीटू इन दिनों अपनी धर्मपत्नी के साथ धार्मिक यात्रा पर हैं। अपने शब्दों के जरिए सरदार इंदरजीत सिंह टीटू ने अपनी आस्था श्रद्धा को फेसबुक पोस्ट बनाया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

जन्म शताब्दी समारोह : अटल जी ने रखी सुशासन की नींव : योगी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन के लिए सुरक्षा का भाव आवश्यक है। यह जनसहभागिता के बिना संभव नहीं हो सकता। सुरक्षा का भाव घर के अंदर से पैदा करना होगा।

यदि व्यक्ति घर के अंदर सुरक्षित है तो सामुदायिक रूप से सुरक्षा का भाव स्वतस्फूर्ति भाव के साथ पैदा होता हुआ दिखाई देगा। अपराध-अपराधियों, भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों के लिए सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है। अटल जी व पीएम मोदी से प्रेरणा प्राप्त करते हुए सरकार ने सुरक्षा के मुद्दे पर पहले दिन से जीरो टॉलरेंस की जो नीति रखी है, इसके परिणाम सबके सामने हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह में शिरकत की। रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री समेत जनप्रतिनिधियों ने लोकभवन में पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी की। सीएम ने महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती व क्रिसमस की बधाई दी। छात्रा स्नेहा तिवारी ने कविता सुनाई। रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया।

सीएम ने कहा कि अटल जी ने अपने शासनकाल में सुशासन की नींव को मजबूती दी। अटल जी की पंक्तियां 'आदमी को चाहिए कि वह जूझे, परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े'..., 'एक पांव धरती पर रखकर ही वामन भगवान ने आकाश-पाताल को जीता था, धरती ही धारण करती है, कोई उस पर भार न बने, मिथ्या-अभिमान से न तने...' यह पंक्तियां हमें प्रेरणा प्रदान करती हैं।

शिकायतों के निस्तारण में शीर्ष पर उत्तर प्रदेश

सीएम योगी ने बताया कि सुशासन सप्ताह के आयोजन में शासन के विभिन्न विभागों ने भागीदारी की। इस दौरान लोकशिकायतों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष पर रहा। यहां 2.59 लाख से अधिक लोकशिकायतों

का निस्तारण किया गया। मुख्यालय, मंडल व तहसील स्तर पर भी 16,223 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। 9 लाख छह हजार 800 से अधिक सर्विस डिलीवरी के आवेदन निस्तारित किए गए। इस दौरान ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, मिशन कर्मयोगी, सुशासन में एआई व मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, सूचना के अधिकार का महत्व, नागरिकों को समयबद्ध रूप से सेवाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु जनहित गारंटी की योजना से संबंधित उपयोगिता, शासकीय खरीद-फरोख्त में जेम पोर्टल, मानव संपदा पोर्टल पर आधारित कार्यक्रमों से भी लोगों को अवगत कराया गया।

समारोह में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, संगठन महामंत्री धर्मपाल, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, बलदेव सिंह औलख, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ल, सुरेंद्र मैथानी, ओपी श्रीवास्तव, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, लालजी प्रसाद निर्मल, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया आदि की मौजूदगी रही।

रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने सुशासन सप्ताह (19 से 25 दिसंबर) के अंतर्गत हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में स्नेहा तिवारी प्रथम, शांभवी शुक्ला ने द्वितीय व विदुषी मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान मो. फिरोज, दूसरा स्थान मृणाली दीक्षित व तृतीय स्थान माही वाजपेयी ने हासिल किया। निबंध प्रतियोगिता (कक्षा 9-12) में सुप्रिया दीक्षित ने बाजी मारी। हर्षिता सिंह व साक्षी पांडेय क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं।

सचिवालय प्रशासन विभाग द्वारा स्वच्छ सचिवालय अभियान के अंतर्गत उत्तम अनुभाग को पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार सिंचाई व जल संसाधन विभाग के अनुभाग अधिकारी अंबरीष कुमार यादव को प्रदान किया गया। उत्तम व स्वच्छ भवन के लिए लोकभवन के व्यवस्था अधिकारी मोहित अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

शिकायत व सर्विस डिलीवरी आवेदनों के शत-प्रतिशत गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए कृषि विभाग के प्रमुख सचिव रविंद्र जी व विशेष सचिव सूचना-प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रॉनिक विभाग नेहा जैन को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कुड़ियाघाट पर पूर्व पीएम अटल जी की प्रतिमा का हुआ अनावरण, मौजूद रहे रक्षामंत्री व मुख्यमंत्री

नगर निगम की तरफ से कुड़ियाघाट पर बनाई गई अटल जी की प्रतिमा का बुधवार सुबह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सीएम योगी आदित्यनाथ ने अनावरण किया। प्रतिमा बनाने वाले अमर पाल सिंह का भी सम्मान किया गया। स्थानीय विधायक डॉ नीरज बोरा ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि अटल जी की पहली रचना इसी घाट पर संपन्न हुई थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी को अटल संकल्प की शपथ दिलाई कि अन्न, जल और वायु हम जहां से प्राप्त करते हैं। उस मातृभूमि को अपनी मां के समान मानेंगे। हम खुद से ऊपर मातृभूमि को रखेंगे। कार्यक्रम के बाद सहभोज भी हुआ।

संभल की बावड़ी में मिला लाल पत्थर का फर्श...

नकासी बने छह गेट, पीछे कमरे नुमा गलियारा

संभल। संभल के चंदौसी में मुस्लिम बहुल मोहल्ला लक्ष्मण गंज में खाली प्लाट में मिली बावड़ी का रहस्य परत दर परत अब खुलने लगा है। पांचवें दिन खोदाई में बावड़ी की ऊपरी मंजिल साफ नजर आने लगी है। लाल पत्थर का फर्श दिखने लगा है। वहीं बुधवार को एएसआई की टीम ने मौके पर पहुंच कर बावड़ी का सर्वे किया है। बता दें कि 17 दिसंबर को मोहल्ला लक्ष्मण गंज में 150 साल पुराना खंडहरनुमा बांकेबिहारी मंदिर मिला था।

सनातन सेवक संघ के कार्यकताओं ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम राजेंद्र पैंसिया को प्रार्थना पत्र देकर मंदिर के जीर्णोद्धार कराने और मंदिर के पास ही गली में स्थित खाली प्लाट में बावड़ी होने का दावा किया था। डीएम के आदेश पर उसी दिन खोदाई शुरू की गई तो बावड़ी

अस्तित्व में आने लगी। रोजाना सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक खोदाई का कार्य चल रहा है। पांचवें दिन बुधवार को ऊपरी मंजिल का फर्श नजर आने लगा।

लाल पत्थर का फर्श है। वहीं छह गेट नकासी बने हुए हैं। पांच गेट सादे हैं। इसके पीछे कमरे नुमा गलियारा है। दोपहर में पहुंची एएसआई की टीम ने फर्श से मिट्टी हटवाकर जांच पड़ताल की। फर्श से लिंटर की ऊंचाई करीब साढ़े दस फिट बताई जा रही है। बताया जाता है कि ऊपरी मंजिल के नीचे एक और मंजिल है, और उसके नीचे कुआं है। जिसके चारों ओर सीढियां बनी हैं।

राज खोलने के लिए लगी 50 लोगों की टीम

बावड़ी का राज खोलने के लिए नगर पालिका परिषद के पचास लोगों की टीम कार्य में लगी है। जल निगम के जेई अनुज कुमार ने बताया कि बावड़ी का अस्तित्व सामने लाने के लिए पालिका के दो सेनेटरी इंस्पेक्टर, एक रेवन्यू इंस्पेक्टर, एक जेई की देखरेख में 30 मजदूर काम कर रहे हैं। एक जेसीबी और तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को भी लगाया गया है।

खुदाई में बावड़ी की दीवार नजर आई

बता दें कि मोहल्ला लक्ष्मण गंज में बांके बिहारी मंदिर मिलने के बाद सनातन सेवक संघ के कार्यकताओं ने शनिवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में बांकेबिहारी मंदिर के जीर्णोद्धार कराने और मंदिर के कुछ दूरी पर गली में खाली प्लाट में बावड़ी होने का दावा करते हुए डीएम राजेंद्र पैंसिया को प्रार्थनापत्र दिया था। डीएम के आदेश पर उसी दिन दोपहर में एडीएम न्यायिक सतीश कुशवाह के साथ तहसील और पालिका की टीम ने मौके पर पहुंच कर खुदाई शुरू की तो बावड़ी की दीवार नजर आई।

अयोध्या : जनता को समर्पित की गई शीशे की भूल भुलैया

'मिरर इमेज' में जाकर ढूंढ़ना होगा माता सीता को

अयोध्या। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के मौके पर योगी सरकार ने अयोध्या को एक और सौगात दी है। रामायण प्रसंग में शामिल माता सीता की खोज की थीम पर अयोध्या में मिरर इमेज (शीशे की भूल भुलैया) तैयार कराई गई है।

इसका उद्घाटन बुधवार को महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्त व नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने किया।

राम पथ पर स्थित बेनीगंज जलकल कार्यालय में 1400 स्क्वायर फीट में 3.80 करोड़ की लागत से यह मिरर इमेज तैयार किया गया है। इसे

आज जनता को समर्पित कर दिया गया। यह माता सीता की खोज की थीम पर आधारित है। अगर आप इसमें गुम हुए तो गाइड आपको गाइड करेंगे। आपको इस मिरर इमेज में घुसकर माता सीता की खोज करनी है। यहां शीशे की इमेज बनाई गई है। इसमें कई रास्ते हैं, जो शीशे के बनाए गए हैं। इसमें आप प्रवेश किए तो खुद की ही तस्वीर नजर आएगी और ऐसे में आपको माता सीता की खोज करनी है।

खोज करते-करते आपको उसी रास्ते से बाहर निकल भी जाना है। दुनिया भर से आने वाले पर्यटकों के लिए यह आकर्षण का केंद्र होगा। योगी सरकार ने रामनगरी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक दर्जन से अधिक योजनाएं संचालित की हैं। इसी क्रम में नगर निगम की पहल से पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए शीशे की भूल भुलैया को तैयार किया गया है।

मुजफ्फरनगर से मेरठ तक छह लेन बनेगा दिल्ली-दून हाईवे, डीएम का अधिकारियों के साथ मंथन

मुजफ्फरनगर : दिल्ली-दून हाईव मेरठ से मुजफ्फरनगर के बीच छह लेन बनाया जाएगा। इसके अलावा वहलना, मंसूरपुर, बिलासपुर और पीनना बाईपास पर ओवरब्रिज बनाए जाएंगे। कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने डीएम उमेश मिश्रा की मौजूदगी में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिकारियों के साथ मंथन किया।

मंगलवार को लोक निर्माण गेस्ट हाउस में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, डीएम उमेश मिश्रा और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक राजकुमार सिंह ने हाईवे पर ओवरब्रिज, अंडरपास और अन्य मार्गों में आने वाली विभिन्न समस्याओं और उनके निराकरण के लिए तैयार की जा रही योजनाओं पर मंत्रणा की। राज्यमंत्री ने बताया कि

हाईवे को मेरठ तक छह लेन बनाया जाएगा। संधावली पुल का चौड़ीकरण किया जाएगा। उन्होंने परिवहन मंत्री से मुलाकात कर बिलासपुर कट पर एक ओवरब्रिज का निर्माण कराए जाने की मांग की थी।

बताया कि उनके इस प्रस्ताव पर स्वीकृति की मोहर लग चुकी है। शीघ्र ही इस कार्य की निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाएगी। इस कार्य के साथ-साथ संधावली पुल को दोनों ओर (रुड़की रोड-एटूजेड चौराहे तक व मेरठ रोड-गुप्ता रिजोर्ट के सामने तक) बढ़ाए जाने और मंसूरपुर में जडौदा, मेडिकल कॉलेज के पास ओवरब्रिज बनाए जाने का प्रस्ताव भेजा गया है।

राज्यमंत्री ने बताया कि क्षेत्रवासियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए कूकड़ा-बिलासपुर चौक पर ओवरब्रिज बनाए जाने के टेंडर शीघ्र ही आमंत्रित किए जाएंगे। लगभग 40 हजार की आबादी वाले गांव कूकड़ा और बिलासपुर सहित आसपास के क्षेत्रवासियों के आने-जाने के लिए इसी चौराहे से होकर हाईवे का उपयोग किया जाता है।

योजनाओं पर हुई मंत्रणा

लोक निर्माण गेस्ट हाउस में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, डीएम उमेश मिश्रा और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक राजकुमार सिंह ने हाईवे पर ओवरब्रिज, अंडरपास और अन्य मार्गों में आने वाली विभिन्न समस्याओं और उनके निराकरण के लिए तैयार की जा रही योजनाओं पर मंत्रणा की।

नए संसद भवन के सामने युवक ने खुद को लगाई आग, किया गया अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। संसद भवन के पास एक शख्स ने खुद को आग लगा ली है। घायल को तुरंत अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच में जुटी है। जिस शख्स ने खुद को आग लगाई है वो बुरी तरह झुलसा हुआ है।

बता दें कि पुलिस को मौके पर पेट्रोल भी मिला है। शख्स ने ऐसा क्यों किया इसकी वजह अब तक साफ नहीं हो पाई है। फोरेंसिक टीम मौके पर जांच के लिए पहुंच गई है। मौके से 2 पन्ने का अधजला नोट मिला है। पुलिस ने उसे कब्जे में ले लिया है। बता दें कि घायल को घटना के तुरंत बाद कंबल से ढका गया था।

रेल भवन के पास लगाई आग, फिर संसद की ओर दौड़ा

पुलिस के मुताबिक शख्स ने रेल भवन के पास पार्क में खुद को आग लगाई। उसके बाद संसद भवन की तरफ भागने लगा।

मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम
मौके से मिला अधजला नोट
बागपत का रहने वाला है शख्स

शुरूआती जांच में पता चला है कि उत्तर प्रदेश के बागपत के रहने जितेन्द्र ने रेल भवन चौराहे पर खुद को आग लगाई है। स्थानीय पुलिस और रेलवे पुलिस ने कुछ नागरिकों के साथ मिलकर तुरंत आग बुझाई और व्यक्ति को अस्पताल भेजा गया।

क्या बोली पुलिस? : दिल्ली पुलिस ने कहा कि यह मामला संभवतः बागपत में किसी से व्यक्तिगत दुश्मनी से जुड़ा हुआ है। आगे की जांच जारी है।

वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में संघ ने आयोजित किया बाल पथ-संचलन

साहिबाबाद, करंट क्राइम। वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित बाल पथ संचलन में साहिबाबाद के (वैशाली व हरन्दी महानगर) के विभिन्न नगरों / खण्डों व ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में शिशु-बाल स्वयंसेवकों ने अलग-अलग स्थान पर आयोजित पथ संचलन में सहभाग किया। जिसमें बड़ी संख्या में बाल स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश के साथ-साथ कुछ सामान्य वेष में भी हिस्सा लिया साहिबजादों के बलिदान को स्मरण किया। हरनंदी महानगर प्रचारक ललित शंकर ने कहा कि सदैव याद रखें कि कैसे हमारे छोटे-छोटे बच्चों का बलिदान हुआ। यह बलिदान विश्व में अपने आप में एक अलग ही इतिहास है, जो हमें सदैव प्रेरित करता है और हमारे देश और संस्कृति के प्रति गर्व और समर्पण की भावना को बढ़ावा देता है। मेरठ प्रान्त के सह-प्रचारक विनोद ने इस आयोजन के विषय में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि 21 से 27 दिसंबर बलिदान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। यह वही सप्ताह है जब सनातन संस्कृति एवं हिंदू धर्म की रक्षा में गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों का बलिदान हुआ।

बीमार कर देगा ये समोसा, क्रिस्पी बनाने के लिए मिलाते थे मठरी- वो भी एक्सपायरी डेट की

गोरखपुर। रुस्तमपुर इलाके में बिना लाइसेंस के संचालित हो रही बेकरी और रेस्टोरेंट में मिलावट का खेल पकड़ा गया है। यहां बासी समोसा को ताजा और क्रिस्पी बनाने के लिए उसमें एक्सपायरी डेट की मठरी (नमकीन) और सोंठ मिलाई जा रही थी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जांच में पकड़ा है।

बेकरी में भी फंगस लगा खोवा पड़ा था। इसके अलावा कुछ और दुकानों की भी जांच की गई। खराब समोसा समेत कुल 15 नमूने लिए गए। वहीं बिना लाइसेंस के दुकान व बेकरी संचालित करने वालों को नोटिस जारी किया गया है।

शहर में मिलावट का खेल थम नहीं रहा है। दिवाली से छठ के बीच खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहरभर में अभियान चलाकर कार्रवाई की थी। बड़े पैमाने पर मिलावटी मिठाइयां पकड़ी गई थीं। नकली खोवा, पनीर, घी आदि भी

पकड़े गए थे। लेकिन, धंधेबाजों ने इससे कोई सबक नहीं लिया। क्रिसमस और न्यू ईयर पर होने वाली खरीदारी को देखते हुए डीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को शहर में बेकरी और रेस्टोरेंट की जांच की।

सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. सुधीर सिंह के नेतृत्व में निकली टीम ने केक, क्रीम, खोया, ब्रेड, बिस्कुट आदि का नमूना लिया। इस दौरान रुस्तमपुर इलाके के एक कैंटीन की जांच करने पहुंची टीम यह देखकर हतप्रभ रह गई कि यहां रखे समोसे में खराब क्वालिटी की मठरी (नमकीन) और सोंठ मिलाकर उसे दुबारा बनाया जा रहा था।

रेस्टोरेंट की जांच के दौरान पता लगा कि इसके दूसरे हिस्से में बेकरी भी चलती है, जिसमें केक, बिस्कुट, पावरोटी आदि बनाए जा रहे थे। वहां टीम को फंगस लगा खोवा मिला। आशंका जताई कि इसका उपयोग भी मिठाई बनाने में होता होगा।